Nikhaar
FANCY STORES
आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
Shope no- 47, A Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Durg
Mukesh agrawal

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

TATA green batteries
BATTERY ZONE
Deals in : All Types of Battery and Invertor
Mob. 9109013555
BAJAJ FINSERV Bajaj finance Facility Available
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)

वर्ष- 13, अंक - 188 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 26 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

आभूषण एवं माला गुथाई (रिपेयरिंग) अंगुठी व मंगलसुत्र बनाया जाता है।
एस.आर. ज्वेलर्स
सभी प्रकार के ग्रहरत्नों के विक्रेता
प्रो. जितेन्द्र कुमार सोनी
9294510324, 7489986199
बोरसी रोड, आदर्श नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## सुप्रीम कोर्ट: 'ऐसी राहत मत मांगिए जो हम दे न सकें'

### रामनवमी पर हिंसा की जांच की मांग खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने रामनवमी-हनुमान जयंती समारोह के दौरान हालिया सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए एक पूर्व सीजेआई की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उस राहत के लिए मत पूछो जो इस अदालत द्वारा नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को अव्यवहारिक बताया। बता दें कि न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने अधिवक्ता विशाल तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला लिया।

#### जानें बेंच ने क्या कहा?

बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि आप चाहते हैं कि जांच पूर्व सीजेआई की अध्यक्षता में हो? क्या कोई स्वतंत्र है? पता करें, यह किस तरह की राहत है, ऐसी राहत की मांग न करें जो इस अदालत द्वारा नहीं दी जा सकती।

#### जानें याचिका में क्या थी मांग

विशाल तिवारी ने अपनी याचिका में रामनवमी के दौरान राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात में हुई झड़पों की जांच कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जनहित याचिका में मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में 'बुलडोजर जस्टिस' की मनमानी कार्रवाई की जांच के लिए एक समान समिति गठित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। याचिका में कहा गया कि इस तरह की कार्रवाई पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है और लोकतंत्र और कानून के शासन की धारणा में फिट नहीं होती है।



#### रामनवमी के दौरान छह राज्यों में भड़की थी हिंसा

रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान देश के छह राज्यों में भारी बवाल हुआ था। गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में शोभा यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव किया था। इससे हिंसा भड़क उठी। गुजरात में एक की मौत हो गई। दिल्ली के जेएनयू कैंपस में पूजा के दौरान नॉनवेज खाने को लेकर हंगामा हो गया। छात्रों पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए थे।

#### दिल्ली में हनुमान जयंती पर हिंसा

बीते 16 अप्रैल 2022 को हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में निकाली जा रही शोभा यात्रा पर कुछ शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया था। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आकर पथराव करने लगे। छतों पर से शोभा यात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव किया गया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े वाहनों के अलावा पुलिस के कुछ वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। सूचना मिलते ही आसपास के जिलों से पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा गया। बलवे की खबर के बाद दिल्ली पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी जहांगीरपुरी में बुला लिया गया।

## सुकमा में सुरक्षाबलों के कैंप पर हमला, नक्सलियों ने दागे बीजीएल राकेट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सुकमा।** सुरक्षा बलों के कैंप पर बीती रात फिर एक बार नक्सलियों ने हमला किया है। सुकुमा जिले के पोटकपल्ली कैंप पर सोमवार देर रात नक्सलियों ने अटैक किया। नक्सलियो ने यहां कैंप पर जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से बीजीएल रॉकेट दागे। हमले के बाद जवानों ने जैसे ही जवाबी कार्रवाई शुरू की नक्सली वहां से भाग गए। इस घटना में किसी भी जवान के हताहत होने की खबर नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार सुकुमा के पोटकपल्ली कैंप में नक्सलियों द्वारा यह कायराना हरकत की गई है। बताया जा रहा है कि यह हमला सोमवार रात 9 बजे के बाद हुआ है। कैंप में जवान सतर्क थे तभी यहां लगभग 5 बम आकर गिरे लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद जवानों ने तत्काल मोचा संभाला और नक्सलियों को भागने पर मजबूर कर दिया।

#### जवाबी कार्रवाई के बाद भागे नक्सली

बताया जा रहा है कि नक्सलियों द्वारा बीजीएल रॉकेट दागने के बाद जवानों ने मोर्चेबंदी कर दी। इसके बाद जवानों ने फायरिंग शुरू की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। रात में आसपास सर्चिंग भी की गई लेकिन कुछ मिला नहीं। इसके बाद मंगलवार सुबह भी जवानों ने सर्चिंग शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जवानों की फायरिंग में संभवत: नक्सलियों को कुछ नुकसान पहुंचा हो इसके लिए सर्चिंग की जा रही है।

#### अक्सर होता है हमला

बता दें जिस जगह कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया है वह धुर नक्सली इलाका है। यहां पर अक्सर नक्सलियों द्वारा फायरिंग की जाती रही है। इससे पहले भी इस कैंप में नक्सली अटैक कर चुके हैं। नक्सलियों को हर बार यहां हमले के बाद मुंह की खानी पड़ी है। यह कैंप इस क्षेत्र के लिए काफी अहम माना जाता है इसलिए यहां सुरक्षाबल 24 घंटे अलर्ट रहते हैं।

सुकुमा एसपी सुनील शर्मा ने इस घटना के संबंध में बताया कि नक्सलियों ने बीजीएल बम फेंक कर कैंप को नुकसान पहुंचाना चाहा था लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग गए। फिलहाल एरिया में सर्चिंग कराई जा रही है।

### खास खबर

#### देश में कोरोना : 1399 मौतों के आंकड़े ने चौंकाया, 2483 नए संक्रमित मिले, सक्रिय केस घटकर 15,636 हो गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में नए कोरोना मरीजों की संख्या में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह समाप्त बीते 24 घंटे में 2483 नए संक्रमित मिले। इस दौरान सक्रिय केस में भी गिरावट आई। मौतों के आंकड़ों ने एक बार फिर चौंकाया है। सरकार ने बताया कि कोरोना से 1399 और मौतें होने से देश की कुल मृतक संख्या 5,23,622 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक गत 24 घंटे में 2483 नए संक्रमित मिले। सक्रिय केस सोमवार की तुलना में 886 घटकर 15,636 हो गए हैं। सोमवार सुबह तक बीते 24 घंटे में 2541 नए संक्रमित मिले थे। इस कारण सक्रिय केस की संख्या 16 हजार के पार पहुंच गई थी। पॉजिटीविटी रेट 0.55 फीसदी है। 2483 नए मरीजों को जोड़कर देश में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 4,30,62,569 पर पहुंच गया है। वहीं, 1,399 लोगों की मौत से कुल मृतक संख्या बढ़कर 5,23,622 हो गई है।

उधर, असम ने 1347 पुरानी मौतों को जोड़ा है। इसके कारण बीते 24 घंटों में मौत का कुल आंकड़ा एकदम बढ़कर 5,23,622 हो गया। बीते 24 घंटे की बात करें तो 52 मौतें दर्ज की गई हैं। असम की मौतों के अपडेट के अलावा केरल ने भी 47 मौतों को अपडेट किया है। असम व केरल में बीते 24 घंटे में किसी की मौत महामारी से नहीं हुई। देश की रिकवरी रेट 98.75 फीसदी है। वहीं कोविड के सक्रिय केसों में 886 की कमी आई है। महामारी से देश में अब तक 4,25,23,311 लोग स्वस्थ हो चुके हैं, वहीं मृत्यु दर 1.22 फीसदी है राष्ट्रव्यापी कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में 187.95 करोड़ खुराक दी गई है।

#### दरार : अपने आका के खिलाफ ही शिकायत लेकर यूएन पहुंच गया तालिबान

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** अब पाकिस्तान व अफगानिस्तान के बीच रिश्तों में दरार पैदा होने लगी है। अपने आका पाकिस्तान के खिलाफशिकायत लेकर तालिबान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहुंच गया है। तालिबान ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने हमारे खोश्त और कुनार प्रांत में हवाई हमले किए। शिकायत के साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान सरकार को कड़ी नसीहत दी है।

## मोदी सरकार के 8 साल मई में बड़े जश्न की तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी बड़े जश्न की तैयारी कर रही है। 26 मई को बड़े स्तर पर होने वाले जश्न के लिए पार्टी के बड़े नेताओं ने बैठक की भी की थी। खबर है कि भाजपा जनसभाओं से लेकर सरकार की उपलब्धियों और हवन और हनुमान चालीसा का पाठ जैसे अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पार्टी योजना तैयार कर रही है और इसे 5 मई तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इसके बाद भाजपा की प्रदेश और जिला इकाइयों को योजना के बारे में बताया जाएगा। गरीबों के कल्याण के लिए कार्यक्रम, 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त अनाज और दूसरी उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर है कि हनुमान चालीसा के पाठ और धार्मिक जुलूस निकालने को लेकर जारी विवादों का असर भी पार्टी के जश्न पर देखने को मिल सकता है। खास बात है कि साल 2020 में भाजपा ने कोविड के चलते वर्चुअल बैठकें और कार्यक्रम किए थे। वहीं, 2021 में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गरीबों तक पहुंच के लिए छोटे समारोह आयोजित किए थे। अब संभावना है कि पार्टी इस साल बड़े स्तर पर जश्न की तैयारियां कर सकती है।

भाजपा नेताओं की बैठक में महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, महासचिव सीटी रवि और डी पुरंदेश्वरी, उपाध्यक्ष विनय सहास्त्रबुद्धे, संयुक्त महाचिव शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव अनिल बलूनी और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रमुख लाल सिंह आर्य मौजूद थे।

#### चुनाव को लेकर भी बड़ी चर्चाएं

भाजपा ने करीब 15 दिनों पहले चार सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी का काम उन बूथ की निगरानी करना है, जहां भाजपा अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही थी। भाजपा के उपाध्यक्ष विजयंत पंडा, सीटी रवि, लाल सिंह आर्य और पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख दिलीप घोष ने इस मुद्दे को लेकर मुलाकात भी की थी। भाजपा ने 73 हजार बूथ की पहचान की है, जहां उसे काम करने की जरूरत है।

खास बात है कि इनमें से कई बूथ दक्षिण राज्यों में हैं। केरल में भाजपा हत्याओं और सदस्यों को डराने के चलते बूथ स्तर पर मजबूत नहीं है। हालांकि, पार्टी के जनरल ड्राफ्ट के अनुसार, भाजपा तेलंगाना में मजबूत हो रही है और तमिलनाडु में भी बेहतर मौजूदगी दर्ज कराई है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के 18 और पुलिस सेवा के 28 अधिकारियों का तबादला, 5 नए जिलों में ओएसडी नियुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने सोमवार को राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 18 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 28 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आदेश के अनुसार, आठ जिलों में नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) होंगे, जबकि दो जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं।

राज्य सरकार ने घोषित पांच नए जिलों में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारियों की नियुक्ति की है। राज्य के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार ने महानिरीक्षक (आईजी), पंजीयन एवं मुद्रांक इफ्फत आरा को सूरजपुर जिले के कलेक्टर के पद पर तैनात किया है। वहीं, सूरजपुर जिले के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को कलेक्टर, मुंगेली के पद पर और मुंगेली जिले के कलेक्टर अजीत वसंत को आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली के पद पर पदस्थ किया गया है।

उन्होंने बताया कि नवगठित पांच जिलों खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी), मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, मोहला-मानपुर-चौकी, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ति में से प्रत्येक में एक आईएएस अधिकारी को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने वन विभाग के संयुक्त सचिव जगदीश सोनकर को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का, रायगढ़ नगरपालिका निगम के आयुक्त एस जयवर्धन को मोहला-मानपुर-चौकी जिले का, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव डी राहुल वेंकट को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का तथा दुर्ग जिले की अपर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना को सक्ती जिले का विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया है।




अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, जो वर्तमान में रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में तैनात थे और उनके पास आईजी इंटेलिजेंस की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। वह अब केवल आईजी इंटेलिजेंस, पुलिस मुख्यालय रायपुर के पद पर रहेंगे। उनके स्थान पर दुर्ग क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश पाल रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक होंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप का तबादला उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा क्षेत्र के पद पर, सरगुजा जिले के पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले का तबादला सेनानी, चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पद पर, मुंगेली जिले के पुलिस अधीक्षक डीआर आंचला का तबादला सेनानी, 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के बालोद के पद पर, जशपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का तबादला पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा के पद पर तथा बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू का तबादला पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के पद पर किया है।

अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह राज्य सरकार ने जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव का तबादला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के पद पर, 14 वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बालोद के सेनानी मोहित गर्ग का तबादला पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के पद पर, सूरजपुर जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता का तबादला पुलिस अधीक्षक सरगुजा के पद पर, चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के सेनानी चंद्र मोहन सिंह का तबादला पुलिस अधीक्षक मुंगेली के पद पर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर राजेश अग्रवाल का तबादला पुलिस अधीक्षक जशपुर के पद पर तथा सुकमा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय का तबादला पुलिस अधीक्षक बीजापुर जिले के पद पर किया है।






## संपादकीय

# देश की मजबूती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कश्मीर दौरा ऐतिहासिक भी है और प्रेरक भी। ऐतिहासिक इसलिए कि अनुच्छेद 370 के हटने और जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छिनने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली कश्मीर यात्रा है। सांबा जिले के पल्ली में प्रधानमंत्री ने यह उचित ही कहा है कि जम्मू-कश्मीर की जड़ों तक लोकतंत्र पहुंच गया है, यही वजह है कि मैं यहां से पूरे देश को संबोधित कर रहा हूं। वाकई, कश्मीर में पहले जैसा माहौल नहीं है। सुरक्षा जब कड़ी हो गई है, निचले स्तर पर सरकार काम कर रही है, तब लोगों को भी राहत का एहसास होने लगा है। हालांकि, कुछ हिंसा अभी भी जारी है, लेकिन उसका आतंक पहले जैसा नहीं है। सबसे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के युवाओं से संवाद सशक्त करने की कोशिश की है। इसमें कोई दोराय नहीं कि कश्मीर में शांति और विकास की पहल के लिए युवाओं की भागीदारी सबसे जरूरी है। युवाओं को यह एहसास दिलाना जरूरी है कि वह एक सुरक्षित और विकसित भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। कश्मीर घाटी की कम से कम पिछली दो पीढ़ियों के हिस्से समस्याओं की जो विरासत आई है, उससे पीछा छुड़ाना जरूरी है।

> विकास का कवच बनाते हुए ऐसे इलाकों को घेरना चाहिए। अति-आतंकग्रस्त इलाकों में जब बेहतर रोजगार की स्थिति बनेगी, तो युवा भी ज्यादा आकर्षित होंगे। युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में व्यस्त रखना जरूरी है। प्रधानमंत्री का यह कश्मीर दौरा एक नई शुरुआत होनी चाहिए। नियमित अंतराल पर या बार-बार देश के बड़े नेताओं को घाटी के गांवों-कस्बों में जाना होगा, ताकि वंचितों व भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

प्रधानमंत्री ने इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया है। अगर इनमें से आधी परियोजनाएं भी पूरी हुईं, तो कश्मीरी युवाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी दशा-दिशा बदलेगी। बनिहाल-काजीगुंड सड़क सुरंग का उद्घाटन भी बहुत महत्वपूर्ण है। उपयोगी और बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन जब कोई बड़ा भारतीय नेता करता है, तब इससे पूरे देश को मजबूती मिलती है और भटके हुए युवाओं को प्रेरणा। सरकार को अपने स्तर पर रोजगार बढ़ाने के अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर रोजगार की जरूरत है, इस बात को यदि हमारी सरकारों ने समझ लिया है, तो फिर कश्मीर में स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की दिशा में बढ़ चलेगी। जिस गति से वहां बुनियादी सेवाओं को सुधारने की दिशा में काम हो रहा है, उस पर सभी को गौर करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पल्ली में 500 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया है, मतलब यहां देश की पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत का सपना साकार होने वाला है। विकास के ऐसे द्वीप ही घाटी को राहत का एहसास कराते हुए रास्ते पर लाएंगे। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा है कि जम्मू-कश्मीर के लोग दशकों बाद ऐसी बात देख रहे हैं। विकास का ढांचा जैसे-जैसे मजबूत होगा, स्थानीय लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ेगा। यह सच है, लगभग 175 कानूनों को जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया गया था, पर अब देश में लागू तमाम लोक-कल्याणकारी कानून वहां भी लागू हैं। लोगों के लिए अवसर बढ़े हैं, न्याय की उम्मीदें बढ़ी हैं। पर सरकारी निवेश की अपनी सीमा है, अत: वहां निजी निवेश बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। अति-आतंक प्रभावित क्षेत्रों को विशेष रूप से निशाना बनाना चाहिए। विकास का कवच बनाते हुए ऐसे इलाकों को घेरना चाहिए। अति-आतंकग्रस्त इलाकों में जब बेहतर रोजगार की स्थिति बनेगी, तो युवा भी ज्यादा आकर्षित होंगे। युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में व्यस्त रखना जरूरी है। प्रधानमंत्री का यह कश्मीर दौरा एक नई शुरुआत होनी चाहिए। नियमित अंतराल पर या बार-बार देश के बड़े नेताओं को घाटी के गांवों-कस्बों में जाना होगा, ताकि वंचितों व भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

## भारत-ब्रिटेनः नया धरातल

ब्रिटेन के कई प्रधानमंत्री और महारानी एलिजाबेथ भी भारत आ चुकी हैं लेकिन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की यह यात्रा दोनों देशों के लिए जितनी सार्थक रही है, वह अपने आप में एतिहासिक उपलब्धि है। जॉनसन का साबरमती आश्रम जाना अपने आप में एक घटना है। जो आश्रम महात्मा गांधी ने बनाया था और जिस गांधी ने ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें हिला दी थीं, उस गांधी के आश्रम में कोई ब्रिटिश प्रधानमंत्री जाए और जमीन पर बैठकर चरखा चलाए, यह अपने आप में एक किस्सा है।

चार किलोमीटर के रास्ते में जॉनसन का हजारों लोगों ने जैसा भाव-भीना स्वागत किया, वैसा उन्होंने पहले कभी देखा नहीं होगा। इसीलिए उन्होंने कह दिया कि उन्हें अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर जैसा अनुभव हो रहा है। ये ऐसे पहले अंग्रेज प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत आकर हिंदी में मोदी को कहा कि वे उनके 'खास दोस्त' हैं। अंग्रेजी भाषा के गुलाम भारत में आकर कोई अंग्रेज प्रधानमंत्री हिंदी में बोले, यह अपने आप में अजूबा है। इसका पहला कारण तो यह है कि विश्व राजनीति और व्यापार में भारत का प्रभाव बढ़ रहा है। दूसरा, आजकल की ब्रिटिश राजनीति में भारतीय मूल के नागरिकों का बढ़ता हुआ वर्चस्व है। अब क्योंकि ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर आ गया है, इसलिए भारत-जैसे बड़े राष्ट्रों के साथ उसे अपने राजनीतिक, व्यापारिक और सामरिक संबंध घनिष्ट भी बनाने हैं। यदि दिवाली तक दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो गया तो निश्चय ही कुछ वर्षों में भारत-ब्रिटेन व्यापार दुगुना हो सकता है। आस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ हुए भारत के मुक्त-व्यापार समझौते के सुपरिणाम अभी से दिखने लगे हैं। भारत-ब्रिटेन समझौता तो नए हजारों रोजगार पैदा कर सकता है। जॉनसन ने यह भी कहा है कि उनकी सरकार योग्य भारतीयों को वीज़ा देने में उदारता बरतेगी। जॉनसन और मोदी ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में भी सामरिक सहकार पर सहमति व्यक्त की है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> **दलितों के बीच अब भी कांग्रेस का आधार बचा है। हालांकि, भाजपा के पास विकास का मुद्दा भी होता है, जिस संदर्भ में देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव में उसे इसका कितना फायदा मिलता है। बहरहाल, धार्मिक ध्रुवीकरण का उसे उत्तर भारत में फायदा मिला है। कर्नाटक में भी वह इसे आजमाना चाहती है, जिसे दक्षिणी राज्यों का प्रवेश द्वार माना जाता है।**

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

# दक्षिणी प्रवेश द्वार पर फिर हिन्दुत्व

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव अभी साल भर दूर हैं, पर यहां एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने जमीन बनानी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी ने बिना किसी लाग-लपेट के हिंदुत्व के अपने आजमाए फॉर्मूले को अपनाने का फैसला किया है। हाल ही में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से पार्टी में यह धारणा मजबूत हुई है कि इस तरह की सियासत का कर्नाटक संस्करण भी सफल हो सकता है।

खबरों की मानें, तो राज्य कार्यकारिणी की पिछली बैठक में इस पर चर्चा हुई और हिंदुत्व के एजेंडे को ही आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। अपने लिंगायत वोट-बैंक को मजबूत करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पिछले दिनों बेंगलुरु के सिद्धगंगा मठ भी गए थे, जहां उन्होंने शिवकुमार स्वामी की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। यह मौका भले ही स्वामीजी की जयंती का था, लेकिन इसने भाजपा की धर्म-आधारित रणनीति को साफ उजागर कर दिया।

विशेषकर दक्षिण कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर ध्रुवीकरण और विकास संबंधी वायदों ने अब तक पार्टी को आगे बढ़ने में मदद की है। मगर अब इसका विस्तार पूरे राज्य में किया जाएगा, ताकि विधानसभा चुनाव में इसका लाभ लिया जा सके। भगवा परिवार (आरएसएस और उसके विभिन्न संगठन इसी का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य ध्येय हिंदुत्व और उससे जुड़े राष्ट्रवाद को संरक्षित व प्रचारित करना है) इसके लिए दिन-रात काम कर रहा है।

इन सबका असर भी दिखने लगा है, क्योंकि कर्नाटक में अल्पसंख्यकों से जुड़े मसले तेजी से उठने लगे हैं। हिजाब, अजान, हलाल और हिंदू मंदिरों के बाहर मुस्लिम दुकानदारों के सामान बेचने से जुड़े विवाद इसी पृष्ठभूमि में देखे जाने चाहिए। इन मुद्दों को हवा देकर न सिर्फ यहां तनाव पैदा करने की कोशिश हुई, बल्कि शेष भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ा है।



भाजपा निश्चय ही पिछले कुछ दशकों से योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। सूबाई सत्ता में आने का उसका पहला प्रयास जनता दल (सेक्युलर) के साथ पूरा हुआ था, जब 2007 में उसने एचडी कुमारस्वामी के साथ गठबंधन किया। मगर यह साथ लंबा नहीं चला। साल 2008 के चुनाव में बीएस येदियुरप्पा (भाजपा) मुख्यमंत्री चुने गए, लेकिन उन्हें बीच में ही पद छोड़ना पड़ा, क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए गए। खुद का दल बनाने के लिए उन्होंने पार्टी छोड़ दी, जो राज्य में भाजपा के लिए एक बड़ा झटका था। हालांकि, 2014 में वह फिर लौट आए और दो साल के भीतर ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बन गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 104 सीटें मिलीं और वह नौ सीटों से बहुमत पाने से चूक गई। भाजपा सरकार महज तीन दिन चली, और जनता दल (एस) व कांग्रेस ने अप्रत्याशित गठबंधन करके सरकार का गठन कर लिया। मगर यह दोस्ती भी पहले दिन से ही डांवांडोल रही। इस चुनाव में कांग्रेस को 80 सीटें मिली थीं, मगर उसने जनता दल (एस) को समर्थन दिया, जिसके पास महज 37 विधायक थे।

गठबंधन में तनातनी बढ़ने के बाद कांग्रेस और जनता दल (एस) के करीब 20 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। घृणित सियासी चालों के कारण 17 सीटों पर उप-चुनाव हुए और येदियुरप्पा एक बार फिर मुख्यमंत्री की कुरसी पर काबिज हुए। हालांकि, भाजपा उनसे संतुष्ट नहीं रही। उसने यह महसूस किया कि येदियुरप्पा उस तरह से हिंदुत्व पर जोर देने को तैयार नहीं थे। नतीजतन, उनको किनारे कर दिया गया और मुख्यमंत्री का ताज बीएस बोम्मई को सौंपा गया। नई सरकार की कामकाजी क्षमता के बारे में कहने के लिए कुछ खास नहीं है, लेकिन बोम्मई के पदभार ग्रहण करने के बाद से कर्नाटक चर्चा में है। राज्य में एक के बाद दूसरा विवाद खड़ा हो रहा है, जिनमें काफी हद तक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा को लगता है कि इस ध्रुवीकरण के सहारे उसे 2023 के विधानसभा चुनाव में बहुमत मिल जाएगी और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी पार्टी को फायदा होगा। वह सीधे-सीधे जनता दल (एस) की जगह छीन रही है, जिसकी अपील लगातार कम होती जा रही है। जनता दल (एस) की वोक्कालिगा समुदाय में गहरी पैठ रही है, जिनकी कुल मतदाताओं में 17 फीसदी हिस्सेदारी है। मैसूर और राज्य के अन्य प्रमुख जिलों के आसपास भी उसे समर्थन हासिल है। मगर लिंगायतों के बीच समर्थन जुटाने के बाद भाजपा की नजर इन वोटों पर है।

ऐसे में, इस बात की संभावना कम है कि जनता दल (एस) कोई कड़ा मुकाबला करेगा। लिहाजा, भाजपा से लड़ने की मुख्य जिम्मेदारी कांग्रेस पर ही है। हालांकि, 2018 की नाकामी के बाद भी कागज पर कांग्रेस के समर्थकों की कमी नहीं, लेकिन यह पार्टी खुद अपनी दुश्मन है। उसमें गुटबाजी खूब है और भाजपा को हराने की कोई ठोस रणनीति भी उसके पास नहीं दिखती। इसके नेता व पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 2018 में भाजपा से मुकाबले के लिए 'अहिंद' (अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों व दलितों के शुरुआती अक्षरों से बना कन्नड़ शब्द) आंदोलन चलाया था। वह आज भी खूब लोकप्रिय हैं, मगर पार्टी में उनके बरक्स शिव कुमार हैं, जिनके पास भी समर्थकों को जुटाने की अच्छी क्षमता है। ये दोनों मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

हालांकि, भाजपा की अपनी चुनौतियां भी हैं। उसके पास बोम्मई जैसे अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय नेता हैं। लिंगायत में पार्टी की अच्छी पैठ जरूर है, पर यह एक समान नहीं है। उत्तरी कर्नाटक में ही, जहां लिंगायत का वर्चस्व है, मुस्लिम अल्पसंख्यकों के साथ उसके बेहतर संबंध हैं, क्योंकि वे बासव (लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक) के सिद्धांतों का पालन करते हैं। दलितों के बीच अब भी कांग्रेस का आधार बचा है। हालांकि, भाजपा के पास विकास का मुद्दा भी होता है, जिस संदर्भ में देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव में उसे इसका कितना फायदा मिलता है। बहरहाल, धार्मिक ध्रुवीकरण का उसे उत्तर भारत में फायदा मिला है। कर्नाटक में भी वह इसे आजमाना चाहती है, जिसे दक्षिणी राज्यों का प्रवेश द्वार माना जाता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

# युद्ध के समय तेजी से भारत के करीब आता पश्चिम

जैसे-जैसे यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध बढ़ता जा रहा है, पश्चिम के साथ भारत के जुड़ाव में भी तेजी आ रही है। दिलचस्प है कि कई लोगों को आशंका थी कि यूक्रेन-रूस युद्ध के समय में भारत पर पश्चिमी रुख के मुताबिक चलने के लिए दबाव डाला जाएगा, लेकिन अब रूस के साथ भारत के अच्छे रिश्ते की वजहों को समझा जा रहा है। नई दिल्ली पहुंचने वाले यूरोपीय नेताओं का तांता लगा हुआ है। यूरोप और भारत के बीच संबंध लगातार बढ़ रहे हैं, दोनों पक्षों के नेतृत्व ने कई मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन भी गत दिनों भारत में थीं, जहां उन्होंने स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता के नुकसान, ऊर्जा और डिजिटल प्रसार, परस्पर संपर्क, सुरक्षा, रक्षा और हिंद-प्रशांत में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के रूप में उनकी यह पहली भारत यात्रा थी, जिसके दौरान उन्होंने भारत में एक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित भी किया।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी पिछले सप्ताह भारत में थे और उनका दृष्टिकोण है कि भारत और ब्रिटेन के बीच पूरकता पर जोर देना है और रूस के मामले में परस्पर मतभेदों को कम करना है। जॉनसन ने भारत-रूस संबंधों के बारे में कहा कि यह एक ऐतिहासिक संबंध है, जिसे हर कोई समझता है और सम्मान करता है। इससे शायद कई ऐसे लोगों को आश्चर्य हुआ होगा, जिन्होंने उम्मीद की थी कि इस यात्रा के दौरान रूस पर एक विवादास्पद बहस सामने आएगी। पश्चिम में अनेक लोगों को भारत से शिकायत रही है कि वह यूक्रेन के मामले में पश्चिमी देशों के साथ नहीं है और अपनी अलग स्थिति बनाकर चलना चाहता है। वैसे भारत अपनी स्थिति को लेकर कतई रक्षात्मक नहीं है।



नई दिल्ली रूस के सवाल पर पूरी साफगोई से अपनी बात रख रही है। भारत में अनेक पश्चिमी नेताओं की मेजबानी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत-यूरोप साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए मई की शुरुआत में तीन यूरोपीय देशों, जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस का दौरा करेंगे। विदेश मंत्री, एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2+2 वार्ता के लिए पहले ही अमेरिका जा चुके हैं, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत इतिहास में या आज गलत जगह खड़ा है, ऐसी धारणा से अमेरिका पीछे हट रहा है।

भारत किसी तरह की अनावश्यक बहस में नहीं उलझ रहा है, पूरी सफाई के साथ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए चल रहा है। यदि पश्चिम को भारत को अपनी रणनीति में शामिल करना है, तो उसे भारत की दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करने में भागीदार बनना होगा, चाहे वह रक्षा हो या ऊर्जा। यही संदेश भारत अपने पश्चिमी समकक्षों को लगातार दे रहा है। भारतीय विदेश मंत्री तांत्रिक जवाबों के साथ पेश आ रहे हैं। भारत में एक नया विश्वास पाया गया है कि नई दिल्ली के विकल्प केवल अपनी सामरिक अनिवार्यताओं से संचालित होंगे।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विदेश नीति के सामने सबसे महत्वपूर्ण मकसदों में से एक है, पश्चिम के साथ दीर्घकालिक स्थायी संबंध बनाना। इस लक्ष्य का पीछा करने में नई दिल्ली ने कुछ गंभीर कूटनीतिक पूंजी खर्च की है और नतीजे साफ हैं। बेशक, पश्चिम को भी भारत की बदलती उम्मीदों और हिंद-प्रशांत में उभरती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ आना पड़ा है। लंबे समय से यूरोपीय संघ ऐसे किसी प्रयास से बच रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चीन की ओर से दबाव बढ़ा और रूस ने यूरोप की सुरक्षा के लिए चुनौती पैदा कर दी, यूरोप को बदलाव के लिए तैयार होना पड़ा। खासकर पश्चिम यूरोपीय देश नई विदेश नीति विकसित करने को मजबूर हो रहे हैं। अब यूरोप समान विचारधारा के देशों के साथ भागीदारी बढ़ाना चाहता है। इस नए समीकरण में भारत-यूरोपीय संघ की साझेदारी निश्चित रूप से यूरोपीय संघ के लिए महत्वपूर्ण है, यह देखते हुए कि यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और एक खास रणनीतिक महत्व वाला देश बना हुआ है।

आज जब भारत की बात आती है, तो यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा भी दिखाई पड़ती है। दोनों भारत के साथ लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए कि रूस-यूक्रेन युद्ध से संकट, पश्चिम के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव को मजबूत करेगा और यह भारतीय कूटनीति की असली कामयाबी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





रास्ते बहुत सरल थे
पर हिम्मत नहीं थी
चलने की, छूटता
गया टूटता गया
मनोबल वक्त के
बहाव में।

-अंजली जैन
7024460938

हरिशंकर व्यास

# हिंदु आईडिया ऑफ 'कानून का राज'!

बधाई। हम हिंदू अब विश्व आईकॉन लिए हुए है। दुनिया हमारी गुरूता से चमत्कृत है। ब्रिटेन के बॉरिस जानसन भी अपने को रोक नहीं पाए। भारत पहुंचते ही उन्होने बुलडोजर पर चढ़ कर हिंदुओं की गुरूता का बुलड़ोजर मॉडल दिमाग में पैंठाया। सोचे कितनी देरी कर दी मूर्खों ने जो पहले ही 'हिंदू आईडिया ऑफ कानून' का मंत्र नहीं पकड़ा! मेरी आप सबसे विनती है, प्रार्थना है कि वे खोज कर बताएं कि पहले कभी क्या लोकतांत्रिक याकि कानून के राज वाले किसी भी देश में बुलडोजर के आईडिया में कानून के राज का ढोग दिखा? मुझे पिछले पचास वर्षो की किसी देश की कोई भी एक घटना ऐसी ध्यान में नहीं है जिसमें सरकारों ने 'नो-गो ज़ोन' इलाकों में, विधर्मियों, प्रवासी समुदायों को भगाने, आंतकित करने या इतिहास का बदला लेने के लिए बुलडोजरी न्याय का गुरूमंत्र आजमाया हो!

इसलिए विश्व को हिंदुओं की ज्ञान गंगा का सार प्राप्त हो गया है! देश को यदि सुरक्षित बनाना है, मुसलमान और इस्लाम और देशद्रोही व देशविरोधियों से निपटता है तो कानून के राज में बंधा रहना विनाशकारी है। कानून को दरकिनार और किताबों में रखों। जमीन का एजेंडा बनाओं। देशभक्तों में जज्बा पैदा करों। वे त्यौहार-उत्सव के दिन ललकारते, तलवार लहराते 'नो-गो ज़ोन' में जाए और वह करें जिससे विधर्मी-प्रवासी-बाहरी लोग भडके और बस सडक पर उतर आए। फिर तो बुलडोजर व विर्धमी कंपकंपाते बेघर व बरबादी में तौबा करते हुए!

अद्भुत! कानून के राज में जुलूस व शोभायात्राओं का हक है तो नारों का हक और बुलडोजर चलाने के तमाम बहाने भी। लेकिन इस मॉडल से देशभक्त, देशभक्त सरकार कैसे बिना हिंसा, बिना नरसंहार के प्रवासियों- कौम विरोधियों में खौफ बना सकती है उन्हे विस्थापित कर, भगा सकती है, इसका आईडिया दुनिया को भला पहले कहां मालूम था? सोचे, यह आईडिया यदि ईदी अमीन को अस्सी के दशक में मालूम होता तो वह यूंगाडा से हिंदुओं-गुजरातियों को भगाने के लिए नरसंहार की कालिख बनवाने का क्या तरीका अपनाता? बुलडोजरों से ही भगा देता। कितना आसान है कानून के हवाले बिना कानून के बुलडोजर से नस्ल, धर्म और इतिहास के मसलों का हिसाब बराबर करना!

इस गुरू मंत्र का सबसे बड़ा फायदा सत्ता, सरकार और नेता व जनता को लगातार न केवल ताकत मिलते रहने का है बल्कि उनके उद्देश्य, लक्ष्यों में निरंतरता का भी है! तो दुनिया में कौन-कौन भारत के 'गुरू मंत्र' को अपनाएगा? बहुतों को जरूरत है। भक्त हिंदुओं के लगातार ऐसे व्हाट्सअप संदेश आते रहते है कि इतने दशकों के बाद ब्रिटेन मुस्लिम हो जाएगा। फ्रांस, हॉलैंड, बेल्जियम और योरोप के कई देशों में प्रवासी शरणार्थियों, घुसपैठियों, मुसलमानों के ऐसे 'नो-गो ज़ोन' है जहां पुलिस को जाते हुए डर लगता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA Chartered Accountant
CMA Cost & Management Accountant
B.Com Bachelor of Commerce
11th/12th Commerce Class
BBA Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर



### मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा उर्दू शायरों, नातगों एवं मरहुम शायरों की बेवाओं को 3 लाख 60 हजार रूपए की इमदाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम के निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा शायरों, नातगों एवं मरहुम शायरों की बेवाओं को इमदाद एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंत्री डॉ.टेकाम ने कार्यक्रम में राज्य के 32 उर्दू शायरों, नातगों एवं 4 दिवंगत शायरों की विधवाओं (बेवाओं) को 3 लाख 60 हजार रूपए का चेक और प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रति शायरों को 10 हजार रूपए का चेक का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सचिव उर्दू अकादमी एमआर खान भी उपस्थित थे। उर्दू अकादमी के सचिव श्री एमआर खान ने बताया कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। सरकार द्वारा राज्य के जरूरतमंद और असहाय फनकारों की सहायता की जाती है। मंत्री डॉ.टेकाम द्वारा कार्यक्रम में जिन शायरों, नातगों और शायरों की बेवाओं को चेक एवं सम्मान प्रदान किया गया है, उनमें शायर सर्वश्री सफ्दर अली, मो.इरतिका हैदरी हबीब खान, मो.शरीफ अंसारी बिलासपुर, हसन जफर, आबिद बेग, रमेश्वर शर्मा, मोहसिन अली, काविश हैदरी, कैफ अब्बास, रहबर अली, मुस्ताक खान, जिल्ले हसनैन, मुनीस्ल हसन, अलमदार अली, सिकंदर हुसैन, हसन असगर आदि शामिल हैं। इसी प्रकार मरहुम शायरों की बेवाओं में- श्रीमती खतीजा बानो पति स्वर्गीय सखावत अली, श्रीमती शबाना बानो पति स्वर्गीय नादे अली, श्रीमती शाहिदा बानो पति स्वर्गीय तवंगर अली, श्रीमती तनवीर फातिमा पति स्वर्गीय रजा हैदरी को सहायता राशि का चेक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षाविद स्वर्गीय बसंत शर्मा की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर में डीएलएस कॉलेज परिसर में शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। स्वर्गीय श्री शर्मा ने लगभग 25 बरस पूर्व निजी क्षेत्र में डीएलएस कॉलेज की स्थापना की थी। कॉलेज में निम्न आय समूह के लगभग 2 हजार विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। श्री शर्मा का लगभग 55 बरस की उम्र में आज ही के दिन एक साल पूर्व असामयिक निधन हो गया था।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कॉलेज परिसर में स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बघेल श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा को याद करते हुए अत्यंत भावुक हो गए। उनके साथ बिताये पलों को स्मरण करते हुए उनकी आंखें नम हो गई। श्री बघेल ने रूंधे गले से कहा - हमने एक सच्चे साथी को खो दिया।

इस अवसर पर बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, विधायक शैलेष पांडेय, महापौर बिलासपुर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे सहित सर्वश्री विजय केशरवानी एवं विजय पांडेय उपस्थित भी थे। कवि मीर अली मीर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में कहा कि स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा सहज, सरल एवं प्रगतिशील व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने विचारों पर अडिग रहने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि यह बेहद भावुक क्षण है। कोरोना महामारी ने हम सभी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। स्वर्गीय श्री शर्मा को बिलासपुर के लोगों से बहुत लगाव था। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा ने समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। बिलासपुर क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में श्री संजय शर्मा ने स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा का जीवन परिचय दिया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा का जन्म 4 मई 1965 को कटघोरा में हुआ। स्वर्गीय श्री बसंत शर्मा जी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्री दशरथ लाल शर्मा जी के नाम पर वर्ष 1997 में डी.एल.एस. महाविद्यालय की स्थापना की। वे समाजिक, राजनैतिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहे। ऐसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी सक्रिय स्वर्गीय श्री शर्मा को कोविड-19 ने 25 अप्रैल 2021 को हमसे छीन लिया। मात्र 4 कमरों एवं 200 विद्यार्थियों से प्रारंभ की गई संस्था आज 5 एकड़ में फैला सर्वसुविधा युक्त स्नात्कोत्तर महाविद्यालय का रूप ले चुका है, जहां 2000 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं एवं लगभग 100 अध्यापक एवं कर्मचारी कार्यरत् है। वे 1994 से 1999 तक, 2004 से 2009 तक पार्षद रहे। 21 संस्थाओं के अध्यक्ष भी रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस : मलेरिया को जड़ से मिटाने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को मलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने और इस रोग से बचाव और सावधानी के लिए लोगो का ध्यान आकर्षित करने की पहल की गई। इस अवसर पर भारत से मलेरिया दूर करने तथा वर्ष 2030 तक छत्तीसगढ को मलेरिया मुक्त करने के लिए सब मिलकर काम करने के संदेश के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर आदि के द्वारा मलेरिया से बचाव के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में मलेरिया से बचने के तरीके और उपचार के बारे में लोगो को जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिको से मलेरिया के लक्षणो का अनुभव होने पर तुरन्त चिकित्सक से संपर्क करने तथा खून जांच कराने की अपील की गयी। खून जांच एवं मलेरिया रोधी दवा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.बी. बोडे ने बताया कि मच्छरों के कारण फैलने वाली इस बीमारी में हर साल कई लोग अपनी जान गवा देते हैं। मलेरिया प्रोटोजुवन प्लाज्मोडियम नामक किटाणु मादा एनाफिलीज मच्छर के माध्यम से फैलते है। ये मच्छर एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे तक संक्रमण फैलाने का काम भी करते है। मलेरिया एक वैश्विक जन स्वास्थ्य समस्या है। इससे बचने के लिए घर के आस-पास नालियों में पानी जमा नही होने देना चाहिए जिससे मच्छर ना पनप पाये। इसी उपक्रम मे जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखण्ड़ों में आज 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया।

विशेष शिविरों का आयोजन शुरू

# पहले दिन लगभग एक हजार किसान क्रेडिट कार्ड बनाने भरे गये आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सभी किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने और निष्क्रिय कार्डों को फिर से सक्रिय करने के लिए केवायसी सत्यापन का काम जिले में आज से शुरू हो गया है। किसान भागीदारी-प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत रायपुर जिले के सभी 126 सहकारी समितियों में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों के लिए कार्ड बनाने और ई-केवायसी सत्यापन का काम किया जा रहा है।

आज जिले के 28 समितियों में विशेष शिविर लगाये गये, जहां लगभग एक हजार किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए अपने आवेदन भरे। इस दौरान लोक सेवा केन्द्रों के संचालकों ने लगभग साढ़े आठ सौ किसानों के खातों का ई-केवायसी सत्यापन भी किया।

कृषि विभाग के उप संचालक आर.के. कश्यप ने बताया कि आज एक साथ धरसीवां और अभनपुर विकासखण्ड में 6-6, आरंग और तिल्दा विकासखण्ड में 8-8 समितियों में विशेष शिविर लगाये गये। इन विशेष शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों सहित राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारी, पटवारी और पंचायत सचिव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने किया नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

# पी.एस.सी. की विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ी है: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री ने किया नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के नवा रायपुर के सेक्टर-19 में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सदस्य और सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता बढ़ी है, अब यह अधिक दक्षता के साथ अपने कार्य को मूर्त रूप प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब आयोग को काम-काज के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सर्वसुविधायुक्त नया कार्यालय भवन मिल गया है। उन्होंने उम्मीद जताई की आयोग के सभी अधिकारी और कर्मचारी अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चयन से जुड़ी एजेंसियों को समान रूप से काम मिले इस पर भी बल दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री टामन सिंह सोनवानी ने आयोग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सचिव श्री जीवन किशोर ध्रुव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# नरवा विकास: जगदलपुर वृत्त के सभी वन मंडलों में वर्ष 2019-20 के स्वीकृत समस्त 2.78 लाख संरचनाओं का निर्माण पूर्ण

### कैम्पा मद अंतर्गत लगभग 17 करोड़ रूपए की राशि से निर्मित संरचनाओं से 65 हजार से अधिक भूमि उपचारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम में कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 अंतर्गत जगदलपुर वृत्त के सभी 4 वन मंडलों में स्वीकृत समस्त 2 लाख 78 हजार 96 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत लगभग 17 करोड़ रूपए की राशि से निर्मित संरचनाओं से वनांचल के 65 हजार 509 हेक्टेयर भूमि के उपचार का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।



इनमें जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मंडल अंतर्गत असीरगुड़ा नाला में डेढ़ करोड़ रूपए की राशि से 4 हजार 836 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसी तरह गीदम नाला में एक करोड़ रूपए की राशि से सभी 200 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

अनुसंधान एवं विस्तार जगदलपुर के अंतर्गत रतेंगानाला में 88 लाख रूपए की राशि से सभी 526 तथा गगनझोड़ी नाला में एक करोड़ 12 लाख रूपए की लागत राशि से समस्त 90 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो गया है।

इसी तरह बस्तर वन मंडल अंतर्गत भरजोड़ी नाला में 88 लाख रूपए की लागत राशि से समस्त 21 हजार 992, रायकेरा नाला में 01 करोड़ 19 लाख रूपए की लागत राशि से 37 हजार 50 तथा घोड़ाबहारा नाला में 54 लाख रूपए की राशि से 2 हजार 267 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया गया है। कोयर नाला में 01 करोड़ 84 लाख रूपए की लागत राशि से 20 हजार 339, पोड़सी बहार नाला में 01 करोड़ 3 लाख रूपए की लागत से 2 हजार 153, कुरूष नाला में 44 लाख रूपए की राशि से 13 हजार 941 और लोकलनाला में 92 लाख रूपए की लागत राशि से समस्त 47 हजार 711 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

इसके अलावा बीजापुर वन मंडल अंतर्गत थुनकीवागू नाला में 01 करोड़ 48 लाख रूपए की लागत राशि से सभी 40 हजार 371 तथा बरदेला नाला में 01 करोड़ 50 लाख रूपए की राशि से सभी 68 हजार 360 संरचनाओं का निर्माण हो चुका है। इसी तरह दंतेवाड़ा वन मंडल अंतर्गत बालूदनाला में 01 करोड़ 43 लाख रूपए की राशि से 01 हजार 72, गीदमनाला में साढ़े चार लाख रूपए की राशि से 196 तथा नगदनाला गीदम में 94 लाख रूपए की लागत राशि से समस्त 16 हजार 992 भू-जल संबंधी संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

# चिलचिलाती धूप व गर्मी से बेहाल हुए राजधानीवासी, पारा 43 के करीब पहुंचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान में 43 डिग्री के करीब पहुंच गया है जिससे आज चिलचिलाती तेज धूप और गर्मी से लोग दिनभर बेहाल रहे। वहीं रायपुर के अलावा प्रदेश के अन्य शहरो में भी तापमान बढने लगा है जिससे लोग परेशान होने लगे है।



स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश के दुर्ग संभाग में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि एवं शेष संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए है। प्रदेश के रायगढ़ शहर में आज सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि राजधानी रायपुर एवं माना-रायपुर में भी पारा 42.6 डिग्री दर्ज किया गया है। इसी प्रकार बिलासपुर 42.6, पेण्ड्रा रोड 41.1, अंबिकापुर 40.6, जगदलपुर 38.3, दुर्ग 42.6 एवं राजनांदगांव में 42.7 डिग्री दर्ज किया गया है।

इधर एक ओर जहां प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है, वहीं एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पडने की संभावना भी है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में उत्तर से हवा तथा दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण से हवा आ रही है। जिसके कारण 26 अप्रैल को प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही प्रदेश के दक्षिणी भाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है। प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर अंधड़ भी चलने की संभावना है।

RKMG COMMUNITY
Chhattisgarh: India
We are looking for 15 franchisees in Chhattisgarh for RKMG Community
RKMG Community is in the following business :
1. Advertising.
2. E-Commerce (Selling Products and Services to Our Customers to Solve their problems).
3. Advance technology driven job portal.
4. India's First Social and Professional Media Platform.
5. Giving Franchisee (Helping Indians to earn regularincome through this Model).
6. It's a franchisee and not MLM
Rs. 5000 + GST Franchisee
Please search RKMG Community on any search engine for your understanding.
Pradeep Kumar
Mob. 7828463843, 9424121355

CROWN® - TV
Since 1972
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Mattress 30% से 50% लेस
हम वारंटी नही गारंटी देते है
36x72 1500 | 48x72 2000 | 72x75 3000 | 4" एक साल गारंटी
36x72 2350 | 48x72 3100 | 72x75 4900 | 5" एक साल गारंटी
36x72 3600 | 48x72 4800 | 72x75 7500 | 6" एक साल गारंटी
सोफा कम बेड, बीन बैग, रुई गद्दा
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.83 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए 25 अप्रैल शाम 7.15 बजे तक 97.83 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 38.66 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 20.61 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 18.05 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.83 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 08 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 93 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

### सार्वजनिक स्थानों में मास्क पहनना अनिवार्य

**रायपुर।** कोविड महामारी के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों, अस्पतालों, कार्यालयों में मास्क पहनाना एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में सभी संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, अस्पतालों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों, कार्य स्थलों एवं फैक्ट्री आदि में कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मास्क, फेस कवर करना होगा। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थलों पर थूकना प्रतिबंधित किया गया है। होम क्वारेन्टाईन में रहने वाले व्यक्तियों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी होम क्वारेन्टाईन संबंधी समस्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना होगा। दुकानों, व्यावसायिक संस्थानों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग, फिजिकल डिस्टेंसिंग संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

### महुआ कुकीज, महुआ स्क्वैश, हर्बल सोप से लेकर बड़ी, पापड़, मसाले और हस्तशिल्प तक मिलेंगे सी-मार्ट में

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में आज नेता जी सुभाष स्टेडियम कॉम्पलेक्स में जिले का पहला सी-मार्ट स्टोर शुरू हो गया। महुए से बनी कुकीज, महुए के स्केवैश, बेल का शरबत, आयुर्वेदिक जड़ीबुटियो से लेकर हर्बल साबून, बड़ी, पापड़ मसाले और छत्तीसगढ़ी हस्तशिल्प उत्पाद इस सी-मार्ट में लोंगो को बाजिव दामों पर मिलेंगे। आज नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे ने जिले के पहले सी-मार्ट स्टोर का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पहले ग्राहक के रूप में दोनों ने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए लगभग 80 हजार रूपये के आकर्षक हस्तशिल्प, हर्बल साबून और स्थानीय खाद्य सामग्री भी खरीदी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी मयंक चतुर्वेदी सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद रही। किसी आधुनिक सुपर मार्केट की तर्ज पर इस सी- मार्ट स्टोर का संचालन भी पुरी तरह से स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में सुराजी गांव योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों को उनके हाथों से बनाए गए उत्पादों के लिए संगठित बाजार उपलब्ध कराने पुरे प्रदेश में सी-मार्ट स्टोर्स शुरू किए जा रहे है।

# सहकारी आंदोलन को और अधिक संगठित कर मजबूत बनाने की आवश्यकता : सीएम भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन एवं राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा है कि सहकारी आंदोलन को और अधिक संगठित कर मजबूत बनाने की आवश्यकता है। देश के विभिन्न राज्यों की सहकारी क्षेत्र की नीतियों की अच्छाईयों को स्वीकार कर और सहकारी क्षेत्र की कमियों को दूर कर आगे बढ़ा जा सकता है। आज यह भी जरूरत है कि सहकारी क्षेत्र को किसानों और ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम बनाया जाए। इसके लिए हमें सहकारी बैंकों को राष्ट्रीयकृत बैंकों के समान ही मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही इन बैंकों से उद्यानिकी और कैश क्रॉप के लिए भी ऋण देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि देश के सहकारी आंदोलन का सबसे बड़ा उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य दिलाना होना चाहिए। ऐसी कोशिश होनी चाहिए कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। किसानों को कृषि ऋण, खाद-बीज की उपलब्धता के साथ सहकारी क्षेत्र से और अधिक योजनाओं को जोड़ा जाना चाहिए।



इस अवसर पर उन्होंने अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ बैंक की स्मारिका और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर द्वारा प्रकाशित 'किसान किताब' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिल रहा है और खेती-किसानी छत्तीसगढ़ में लाभ का व्यवसाय बन गया है। बघेल ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने का रास्ता छत्तीसगढ़ में लागू की गई किसान हितैषी योजनाओं से निकलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सहकारी क्षेत्र में पंजीकृत किसानों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 22 लाख हो गई है। इसी तरह खेती का रकबा 22 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 30 लाख हेक्टेयर हो गया है। इन 3 सालों में 7 लाख किसानों का पंजीयन बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ सरकार ने 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदने की बात कही, तो केंद्र ने इस पर आपत्ति जताते हुए हमें एफसीआई में चावल जमा न करने की बात कही, लेकिन हम अपने निर्णय से पीछे नहीं हटे और समर्थन मूल्य के साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों को इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। जिसमें खरीफ की सभी फसलों के साथ उद्यानिकी फसलों, वृक्षारोपण को भी शामिल किया गया है। हमने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर में ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही लाख और मछली पालन को खेती का दर्जा दिया है। विभिन्न योजनाओं के जरिए पशुपालकों, किसानों, मजदूरों और वनवासियों के खातों में हमारी सरकार ने 91 हजार करोड़ रुपए का सीधा ट्रांजैक्शन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में मशीनीकरण और मवेशी बाजार बंद होने से किसानों और पशुपालकों के लिए आज पशुपालन अनार्थिक हो गया है। पशु इनके लिए बोझ बन गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2 रूपए किलो में गोबर खरीदी के लिए लागू की गई गोधन न्याय योजना के जरिए इसका रास्ता निकाला है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, दीये, गमला जैसे उत्पाद महिलाएं तैयार कर रही है। अब गोबर से प्राकृतिक पेंट और बिजली बनाने का काम भी शुरू किया गया है। गोबर बेचने के साथ-साथ गोबर से तैयार उत्पादों से लोगों को आय का जरिया मिला है। छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत अब तक 68 लाख क्विंटल गोबर खरीदा जा चुका है और गोबर विक्रेताओं को 136 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। गोधन न्याय योजना की बारीकियां समझने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से प्रतिनिधि हमारे यहां आ रहे हैं। झारखंड ने अपने बजट में गोधन न्याय योजना की व्यवस्था को लागू किया है। जबकि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश जैसे राज्य भी छत्तीसगढ़ के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले अन्नदाता किसानों को ऊर्जादाता बनाने की जरूरत है। एफसीआई में देश की तीन वर्ष की जरूरत का अनाज जमा है। आज हमारी आवश्यकता से अधिक अनाज का उत्पादन हो रहा है। केन्द्र को अनाज से भी एथेनॉल उत्पादन की अनुमति देनी चाहिए। इसके लिए यह भी जरूरी है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई उपज का उपयोग एथेनॉल प्लांट में किया जाए, तभी किसानों को इसका लाभ मिलेगा। एथेनॉल प्लांट लगने से रोजगार के अवसर निर्मित होंगे और पेट्रोलियम पदार्थों पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत होगी। देश आने वाले समय में पेट्रोलियम के मामले में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्मेलन में देशभर से आए सहकारिता के क्षेत्र के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि और सहकारिता दोनों विषय राज्य के हैं। यही कारण है कि राज्यों की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नियम बनाए और संचालित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन का इतिहास बहुत पुराना है। छत्तीसगढ़ में ठाकुर प्यारे लाल सिंह ने 1945 में बुनकर सहकारिता आंदोलन की शुरुआत की थी और देश में सहकारिता की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। किसानों का जुड़ाव सहकारी बैंक से है, हमें सहकारिता के क्षेत्र में बहुत कुछ करने की जरूरत है, तभी सहकारिता का यह आंदोलन सफल हो सकता है।

वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, कृभको के अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स (नेफ्सकाब) मुंबई के अध्यक्ष कोंडरू रविंदर राव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। स्वागत भाषण अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने किया।

### सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को किया पुरस्कृत

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हो रहे अनाज के सरप्लस उत्पादन से एथेनॉल के उत्पादन को बढ़ावा देकर अन्नदाता किसानों को ऊर्जादाता बनाने की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक है कि केन्द्र सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान से एथेनॉल बनाने की अनुमति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि आज सहकारी बैंकों को किसानों और ग्रामीणों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, लघुवनोंपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, गौठनों में महिला समूह द्वारा तैयार वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय जैसी विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों को सहकारी बैंकों से जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) और नेशनल फेडरेशन ऑफस्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स (नेफ्सकाब) द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने की। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, पूर्व सांसद एवं कृभको के अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, नेशनल फेडरेशन ऑफस्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स (नेफ्सकाब) मुंबई के अध्यक्ष कोंडरू रविंदर राव, अध्यक्ष नाफेड एवं दिल्ली स्टेट को ऑपरेटिव बैंक डॉ विजेंद्र सिंह, बिहार स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्षों सहित सहकारिता क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि सम्मेलन में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में देशभर की सहकारिता समितियों को अलग-अलग कैटेगरी में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरुस्कृत किया।

# छत्तीसगढ़ को मलेरिया के मामलों में कमी के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया सम्मानित

### विश्व मलेरिया दिवस पर आज नई दिल्ली में हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व मलेरिया दिवस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ को मलेरिया के मामलों में गिरावट के लिए सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में से एक है जो मलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान और मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के असर से यहां एपीआई दर यानि प्रति एक हजार की आबादी में सालाना मिलने वाले मलेरिया के मरीजों की संख्या) में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2018 में जहां प्रदेश की एपीआई 2.63 थी, वह 2021 में घटकर 0.92 पर पहुंच गई है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही मितानिनों व मैदानी स्तर पर काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत लोगों की मलेरिया जांच और उपचार उपलब्ध कराने में मैदानी अमले ने बेहद गंभीरता और सक्रियता से काम किया है। उनकी मेहनत से छत्तीसगढ़ को आज यह सम्मान मिला है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने नई दिल्ली में राज्य शासन की तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा जनवरी-फरवरी-2020 में बस्तर संभाग के सातों आकांक्षी जिलों में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का पहला चरण संचालित किया गया था। घर-घर जाकर पहले चरण में 14 लाख छह हजार, दूसरे चरण में 23 लाख 75 हजार, तीसरे चरण में 15 लाख 70 हजार, चौथे चरण में 19 लाख 98 हजार एवं पाँचवे चरण में 14 लाख 36 हजार लोगों की मलेरिया जांच की गई। इस दौरान पहले चरण में पॉजिटिव्ह पाए गए 64 हजार 646, दूसरे चरण में 30 हजार 076, तीसरे चरण में 16 हजार 148 , चौथे चरण में 11 हजार 363 एवं पांचवे चरण में 11 हजार 321 मलेरिया पीड़ितों का तत्काल उपचार शुरू किया गया। वर्ष 2016 में 26.78 एपीआई वाले बस्तर संभाग की एपीआई 2021 में घटकर 7.07 पर पहुंच गई है।

बस्तर संभाग में अभियान के अच्छे असर को देखते हुए मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत इसे प्रदेश के कुल 21 जिलों में विस्तारित किया गया है। अभियान के पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवे चरण में मलेरिया पॉजिटिविटी दर क्रमशः 4.6 प्रतिशत, 1.27 प्रतिशत, 1.03 प्रतिशत, 0.56 और 0.79 प्रतिशत दर्ज की गई है। अभियान के प्रभाव से मलेरिया के मामलों में लगातार कमी आ रही है।

# आम जनता से निरंतर संवाद करें पार्षद : राज्यपाल सुश्री उइके



### नगर पालिक निगम रायपुर के पार्षद प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल से भेंट की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में नगर पालिक निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में पार्षदगणों ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल सुश्री उइके ने पार्षदों से कहा कि वार्ड का पार्षद लोकतंत्र की मूलभूत इकाई का प्रतिनिधित्व करता है। हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां जनप्रतिनिधि पार्षद से लेकर प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर तक उच्च पदों पर भी पहुंचे हैं। पार्षदों को आम जनता से निरंतर संवाद करते रहना चाहिए। जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से ही नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और रायपुर शहर का संपूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अपने वार्डों में स्वच्छता, पेयजल, आवास, बिजली व सड़क जैसी जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए सतत् प्रयासरत् रहें।

## नगरीय निकायों में पौनी-पसारी के लिए 72.83 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों के असंगठित क्षेत्र के परम्परागत व्यवसाय करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन उपरांत सघन शहरी क्षेत्रों में परम्परागत व्यवसायों में मिट्टी के बर्तन, कपड़े धुलाई, जूते-चप्पल, लकड़ी से संबंधित,सब्जी-भाजी, कपड़ों की बुनाई, सिलाई, मूर्तियां बनाना, फूलों के व्यवसाय, पूजन सामग्री, बांस से बने सामान, दोना पत्तल, चटाई तैयार करना, आभूषण एवं सौन्दर्य सामग्री सहित अन्य परम्परागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को रियायती दर पर चबूतरा उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में करीब 261 पौनी-पसारी को परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ 83 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# केजीएफ-2 ही नहीं एक्टर यश की इन फिल्मों में भी हैं धमाकेदार एक्शन



फिल्म बाहुबली के बाद से साउथ की एक के बाद एक धमाकेदार फिल्में बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही हैं। चाहें वह पुष्पा हो या रॉकी भाई का जादू। अगर देखा जाए तो साउथ की फिल्मों अगर सबसे ज्यादा लोगों को अगर कुछ पसंद आता है, तो शानदार कहानी कहने का तरीका और दमदार एक्शन। इस समय एक्टर यश की फिल्म केजीएफचैप्टर 2 सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है और दर्शकों को उनके दमदार डायलॉग के साथ एक्शन काफी पसंद आ रहा है। अगर आप भी रॉकी भाई के एक्शन थ्रिलर के दीवाने हैं तो केजीएफ की तरह उनकी कई ऐसी फिल्में हैं, जो दमदार एक्शन से भरपूर हैं। इन फिल्मों को आप ओटीटी प्लेटफार्म पर देख सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि कौन सी फिल्म आप किस ओटीटी पर देख सकते हैं।

### केजीएफ-1

इस समय सिनेमाघरों में केजीएफ-2 छाई हुई है, जो लोगों को खूब पसंद आ रही है। इसलिए सबसे पहले बात करते हैं...केजीएफ चैप्टर 1 की। ये फिल्म भी लोगों को खूब पसंद आई थी। अगर आपने केजीएफचैप्टर 1 नहीं देखी है तो इसे आप अमेजन प्राइम और वूट पर देख सकते हैं।

### रैम्बो स्ट्रेट फॉरवर्ड

साल 2016 में आई एक्टर यश की फिल्म रैम्बो स्ट्रेट फॉरवर्ड एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म को महेश राव ने निर्देशित किया है और के, मंजू द्वारा निर्मित किया गया है। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर देख सकते हैं।

### मास्टरपीस

साल 2015 में आई फिल्म 'मास्टरपीस' फिल्म में भी आपको एक्टर यश का जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। यह फिल्म मंजू मांडव्य द्वारा लिखित है और निर्देशित है। इस फिल्म में एक्टर यश के अपोजिट अभिनेत्री शानवी श्रीवास्तव हैं। इसके अलावा सुहासिनी मणिरत्नम, पी. रविशंकर जैसे सितारे भी अहम किरदार में थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं।

### गजकेसरी

एक्टर यश की फिल्म 'गजकेसरी' सुपरहिट रही थी। साल 2014 में आई अभिनेता की ये फिल्म भी एक्शन से भरपूर है। इसी के साथ फिल्म में आपको रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। फिल्म गजकेसरी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर देख सकते हैं।

### मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी

साल 2014 में आई फिल्म मिस्टर एंड मिसेज रामचारी में यश के अपोजिट राधिका पंडित दिखाई दी थीं। इस फिल्म में दोनों के बीच क्यूट लव स्टोरी थी। एक्टर यश की इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

# जयेशभाई जोरदार का पहला गाना रिलीज, 'फायरक्रैकर' में फुल एनर्जी के साथ थिरकते दिखे रणवीर सिंह




रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फायरक्रैकर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का दर्शक भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' का गाना फायरक्रैकर रिलीज हो गया है। इस गाने मे रणवीर सिंह अपने मस्तीभरे अंदाज में इधर-उधर घूमते और नाचते हुए दिख रहे हैं। इस गाने का जोरदार म्यूजिक आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने में रणवीर सिंह फुल एनर्जी के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं।

इस गाने में रणवीर सिंह के डांस के साथ-साथ उनके एक्सप्रेशन्स भी देखने लायक हैं। गाने को शेखर रवजियानी और विशाल ददलानी ने गाया है। दोनों ने इसे कंपोज भी किया है। गाने के लिरिक्स कुमार और वायु ने लिखे हैं। रिलीज होते ही इस गाने को फैंस ने प्यार देना शुरू कर दिया है। 2 मिनट 38 सेकेण्ड के इस गाने में रणवीर के डांस और एनर्जी की भी तारीफ हो रही है।

इस गाने में रणवीर के साथ गांव की महिलाएं भी थिरकती नजर आ रही हैं। फायरक्रैकर गाना फुल देसी अंदाज में शूट किया गया है। रणवीर सिंह ने अपने इंस्टा हैंडल पर इस गाने के आउट होने की जानकारी दी है। नेटिजेंस को भी ये काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने रणवीर की तारीफमें लिखा, 'वह हमेशा कुछ नया और अनोखा करने की कोशिश करते हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'गाने की बीट पसंद आई'। तीसरे शख्स ने लिखा, 'मुझे वाकई में ये गाना पसंद आया'।

फिल्म जयेशभाई जोरदार की कहानी कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक मुद्दे को ध्यान में रखकर लिखी गई है। फिल्म में जयेशभाई का कैरेक्टर रणवीर सिंह ही निभा रहे हैं। इस फिल्म को दिव्यांग ठक्कर ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री शालिनी पांडे बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।

# पहली बार 10 करोड़ के नीचे हुआ केजीएफ चैप्टर- 2 का कलेक्शन



कन्नड़ सुपरस्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केजीएफ- चैप्टर 2' को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। शानदार ओपनिंग के बाद, फिल्म ने अपने पहले वीकेंड पर न केवल 100 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया, बल्कि 200 करोड़ के क्लब में भी अपनी एंट्री सुनिश्चित की। अब अपने दूसरे वीकेंड पर प्रशांत नील की फिल्म ने 300 करोड़ रुपये का मार्क भी पार कर लिया है।

### बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट

इस बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट में, हम 'केजीएफ- चैप्टर 2' के दूसरे सप्ताहांत के संग्रह की तुलना इससे पहले रिलीज हुई हिंदी डब फिल्म से करने जा रहे हैं। अपने दूसरे वीकेंड पर 52.49 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने वाली 'केजीएफ- चैप्टर 2' ने अब तक की हिंदी डब रिलीज की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। जबकि एस एस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2' ने दूसरे वीकेंड पर 80.75 करोड़ रुपये की कमाई की थी। यदि हम हाल ही में रिलीज हुई फिल्म की बात करें तो आरआरआर ने 52 करोड़, 2.0 ने 27 करोड़, साहो ने 14.95 करोड़, बाहुबली - द बिगिनिंग ने 13.35 करोड़ और पुष्पा: द राइज ने 10.31 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

### इतना रहा 12वें दिन का कलेक्शन

अनुमान के मुताबिक फिल्म ने 12वें दिन 7.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यानी अब यश फ्रंटेड गैंगस्टर ड्रामा का कुल कलेक्शन 322.35 करोड़ रुपये हो गया है। केजीएफ -2 एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है और अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म 'दंगल' (375 करोड़ रुपये) का तेजी से पीछा कर रही है। शीर्ष स्थान पर बाहुबली 2 (511 करोड़ रुपये) का कब्जा है। 12 दिनों में, यह सुल्तान, बजरंगी भाईजान जैसी हिंदी से आगे निकल गई है। अब यह जल्द ही संजू, टाइगर जिंदा है और पीके को पीछे छोड़ देगी।

# खुलासा: 'शूल' के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी को नहीं मिली थी फीस, खाना खाकर किए थे पैसे रिकवर

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म इंडस्ट्री में पॉपुलेरिटी मिलने से पहले बहुत सारे छोटे-मोटे रोल प्ले किए, जिनमें से कई फिल्मों के लिए शायद उन्हें क्रेडिट भी नहीं दिया गया। ऐसी ही एक फिल्म थी 'शूल', जिसका निर्देशन ईश्वर निवास ने किया था। 1999 में रिलीज हुई इस फिल्म में नवाज ने वेटर का रोल प्ले किया था और उन्हें इसके पैसे भी नहीं दिए गए थे। फिल्म में रवीना टंडन और मनोज बाजपेयी ने लीड रोल प्ले किए थे।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में बताया कि फिल्म में उन्हें वेटर का रोल करने के लिए 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन बाद में नवाज को पैसे नहीं दिए गए। एक्टर ने अपने पैसों के लिए प्रोड्क्शन ऑफिस के 6-7 महीने तक लगातार चक्कर लगाए। जब उन्हें इसके बाद भी पैसे नहीं मिले तो एक्टर ने पैसे निकालने का एक शातिर तरीका निकाला।

### रोल के लिए 2500 रुपए देने के वादा किया था

नवाज ने मीडिया इंटरव्यू में बातचीत के दौरान कहा, मैंने कई फिल्मों के छोटे रोल प्ले किए थे। इनमें से बहुत से रोल्स के बारे में तो मैं लोगों को बताता भी नहीं हूं कि मैं इन फिल्मों में हूं। मुझे जिंदगी चलाने के लिए पैसे की जरूरत थी। मैंने शूल फिल्म में रवीना टंडन और मनोज बाजपेयी से ऑर्डर लेने वाले वेटर का रोल प्ले किया था। मुझे इस रोल के लिए 2500 रुपए देने का कहा था, लेकिन वो पैसे मुझे कभी नहीं दिए गए। ऐसा मेरे साथ कई बार हुआ, लेकिन ये वाला इंसिडेंट मुझे याद है।

### इस तरह निकाले नवाज ने अपने पैसे

नवाज ने आगे कहा, मैंने ढ़ाई हजार रुपए के लिए 6-7 महीनों तक ऑफिस के चक्कर काटे। पैसे नहीं मिले, लेकिन खाना मिल जाता था। मैंने बाद में क्या चालाकी की, मैं उनके ऑफिस खाने के टाइम पर पहुंचता था। तो वो मेरी हालत देखकर बोलते थे 'खाना खाएगा?' मैंने कहा-'हां', तो उन्होंने बोला, 'पैसे तो नहीं मिलेंगे पर तू खाना खा ले आजा।' तो मैंने ऐसे एक-ढेड़ महीने तक खाना खाया, तो मेरे पैसे बराबर हो गए।

### 'हीरोपंती 2' में नजर आएंगे नवाज

नवाजुद्दीन अपकमिंग फिल्म 'हीरोपंती 2' में नजर आएंगे, फिल्म में तारा सुतारिया और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल प्ले किया है। अहमद खान की निर्देशित फिल्म 2014 में आई 'हीरोपंती' की सीक्वल है। नवाज ने फिल्म में लैला नाम के क्रिमिनल का रोल प्ले किया है। यह फिल्म 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बॉलीवुड में एक्शन ड्रामा से मुझे पहचान मिली है, इस स्टाइल को कभी अपने आप से दूर नहीं करूंगा: टाइगर श्रॉफ


'हीरोपंती 2' बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हाल ही में फिल्म के एक्टर टाइगर श्रॉफ ने कहा कि बॉलीवुड में उन्हें एक्शन ड्रामा से पहचान मिली है, इस स्टाइल को वो कभी भी अपने आप से दूर नहीं करेंगे। टाइगर ने 2014 में 'हीरोपंती' से अपने करियर की शुरूआत की थी। अब वो तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म का एक सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म में टाइगर ने एक्शन स्पेस में अपनी ऐसी छाप छोड़ी है कि अमिताभ बच्चन जैसे सिनेमा के दिग्गज एक्टर भी उसे कॉपी करने से खुद को रोक नहीं पाए।

### बिग बी से तारीफ सुनकर बहुत खुश हैं टाइगर

टाइगर ने कहा, अमिताभ बच्चन से खुद की और फिल्म की तारीफ सुनना वाकई में किसी भी एक्टर के लिए गर्व की बात होती है। मेरे लिए भी ये मौका बहुत स्पेशल है। खास बात ये है की इस उम्र के पड़ाव में भी वो किक बॉक्सिंग कर रहे थे वो मेरे लिए काफी इम्प्रेसिव था। उनकी एनर्जी बहुत कमाल की है। देश के सबसे महान स्टार और सबसे महान एक्शन हीरो ने मेरी तारीफ की, ये मेरे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है।

### फिल्म को लेकर टाइगर हैं काफी नर्वस

टाइगर ने आगे कहा, सच कहूं तो जैसे-जैसे फिल्म के रिलीज का दिन पास आ रहा है, वैसे-वैसे नर्वसनेस और बढ़ती जा रही है। इस फिल्म के जरिए मैं दो साल के बाद स्क्रीन पर लौटूंगा, ये सोच कर मैं एक्साइटेड और नर्वस दोनों हो जाता हूं। पिछले कुछ महीनों से हम अपनी फिल्म को बहुत प्रमोट कर रहे हैं। बस एक हफ्ता बाकी है और यकीन मानिए अभी तक मेरी डब्बिंग चल रही है, तो बस उम्मीद यही कर रहा हूं कि जो मेहनत हमने इस फिल्म को बनाने में लगाई है, वो स्क्रीन पर ऑडियंस को नजर आए। ऑडियंस हमारे काम को सरहाए और फिल्म को पसंद करे।



### टाइगर और सारा हैं बहुत अच्छे दोस्त

टाइगर के साथ फिल्म के पहले पार्ट में एक्ट्रेस कृति सेनन थीं, हालांकि दूसरे पार्ट में मेकर्स ने तारा सुतारिया को बतौर लीड एक्ट्रेस चुना। तारा के साथ अपनी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए टाइगर कहते हैं, हम दोनों की केमिस्ट्री स्क्रीन पर इसलिए निखर कर आई क्योंकि रियल लाइफ में हमारे बीच बहुत सारी सिमलैरिटीज हैं। फिर चाहे वो खाने को लेकर हो या म्यूजिक, हमारी पसंद-नापसंद एक जैसी है। हम दोनों को माइकल जैक्सन बहुत पसंद है। हम सेट पर घंटों तक उनके गाने सुना करते थे। हर फिल्म के साथ, सेट और आपके को-एक्टर एक निश्चित तौर पर आपकी दुनिया बन जाते हैं। एक बार प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद लोग आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन तारा के साथ ऐसा नहीं है। मैं उसके बारे में बहुत कुछ जानता हूं। हम सालों से एक दूसरे के संपर्क में रहने में कामयाब रहे हैं। हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं।

### शूटिंग के समय टाइगर की पीठ जल गई थी

टाइगर फिल्मों में अपने शानदार एक्शन सीन्स के लिए जाने जाते हैं। उनकी अब तक जितनी भी फिल्में रिलीज हुई हैं, उनमें उनके एक्शन ने ऑडियंस का दिल जीत लिया है। इस फिल्म में भी उनके एक से एक एक्शन सीन्स देखने को मिलेंगे, हालांकि इस बार ये सीन्स कुछ हटके होंगे। इस बारे में टाइगर बताते हैं, इस फिल्म का एक्शन बहुत अलग किस्म का है। इस बार मेरे लिए एक्शन करना बहुत असहज था। धूल से लेकर गर्मी तक, शूटिंग के दौरान मेरे शरीर पर सब कुछ था। शूटिंग के समय मैंने अपनी गर्दन को तोड़ा, पीठ भी जली, लेकिन मैं खुश हूं कि इन कठिनाइयों के बावजूद, हमें एक अच्छा शॉट मिला क्योंकि मैंने पहले ऐसा कुछ नहीं किया है।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### पुलिस अधीक्षक के हाथों शॉर्ट फिल्म निर्माता राकेश केसरवानी हुए सम्मानित

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर द्वारा आम जनता को जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस के माध्यम से यातायात नियमों के संबंध में एवं महिलाओं को अभिव्यक्ति के माध्यम से लगातार जागरुक किया जा रहा है। पुलिस कप्तान द्वारा अपने कार्यों को लेकर हमेशा चर्चित रहते हैं। पुलिस अधीक्षक ऐसेअधिकारी हैं जो हमेशा अपने कार्य क्षेत्रों का निरंतर दौरा करते रहते हैं, चाहे वो नक्सल से संबंधित हो या थानों से संबंधित कार्य से हो।जिसका परिणाम भी सामने आता है जहां पुलिस कप्तान धमतरी में बहुत हद तक अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब है वही सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार कार्य कर रहे हैं इस कार्य से प्रभावित होकर फिल्म निर्माता व आईडीबीआई मैनेजर राकेश केसरवानी ने पुलिस की कार्यशैली से प्रभावित होकर अपने द्वारा बनाई गई अवेयरनेस के लिए ऑनलाइन ठगी पर आधारित फिल्म शातिर को धमतरी पुलिस को सप्रेम भेंट किया जहां आज धमतरी पुलिस इस फिल्म का प्रदर्शन कर लोगों में जागरूकता का कार्य कर रही है वही पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने 25 अप्रैल को शार्ट फिल्म निर्माता राकेश केसरवानी के बेहतर कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया हैं।

### प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार एवं प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला के अनुमोदन से प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा आज किया गया। जारी सूची के अनुसार जिला उपाध्यक्ष के पद पर मिर्जा हफीज बेग को मुंगेली, शकील अहमद सिद्दकी दुर्ग, रमेश पाण्डेय कुरूद, राजेश राठौर पाली कोरबा, रमेश तिवारी दुर्ग, चन्द्रप्रकाश जांगड़े बिलासपुर, रमेश सिंह मनेन्द्रगण, नंद कुमार पटेल रायपुर, अजय श्रीवास्तव जगदलपुर, के.के. सिंह बिलासपुर, कृष्णधर मिश्र कांकेर का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार महामंत्री एवं सभाग प्रभारी के पद पर मोहन लाल निषाद रायपुर संभाग, शिवेश सिंह दुर्ग संभाग, राजेश दुबे सरगुजा संभाग, प्रदीप राजगीर बिलासपुर संभाग, जे.पी. यादव बस्तर संभाग बनाया गया है। महामंत्री के पद पर आधाशंकर त्रिपाठी कुनकुरी, रूपेश दुबे राजनांदगांव, सिराज खान कोरबा, हेलिना मोजेस दुर्ग, कहकशा दानी रायपुर, ऋषि तिवारी जगदलपुर, संजय विश्वकर्मा दुर्ग, जगेश्वर लहरे बलौदाबाजार, देवव्रत साहा जगदलपुर, नितिन लुनावत जैन जगदलपुर को नियुक्त किया गया है।

# प्राकृतिक खेती से प्रकृति के साथ तालमेल बढ़ने से होंगे व्यापक लाभ- तोमर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी अभियान प्रारंभ किया है और इस दिशा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भी मिशन मोड में कार्य करने जा रहा है। कृषि संबंधी पाठ्यक्रमों में भी प्राकृतिक खेती का विषय शामिल करने को लेकर बनाई गई समिति ने भी काम शुरू कर दिया है।**



तोमर ने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ तालमेल बढ़ेगा, जिसके कृषि क्षेत्र में- गांवों में ही रोजगार बढ़ने सहित देश को व्यापक फायदे होंगे।

केंद्रीय मंत्री तोमर ने यह बात आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में नीति आयोग द्वारा नवोन्वेषी कृषि विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कही। कार्यशाला में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी शामिल हुए, वहीं केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला वर्चुअल जुड़े थे। तकनीकी सत्रों में उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा प्रमुख कृषि विशेषज्ञों ने उद्बोधन दिया।

तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी दूरदृष्टि से परिस्थितियों का आभास करते हुए जनकल्याण के लिए योजनाओं का सृजन करते रहते हैं। रसायनिक खेती के दुष्प्रभावों का आंकलन करते हुए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का निश्चय किया है। तोमर ने कहा कि यह हमारी देशी प्राचीन पद्धति ही है, जिसमें खेती की लागत कम आती है और प्राकृतिक संतुलन स्थापित होने से किसानों को फायदा पहुंचता है। प्राकृतिक खेती रसायनमुक्त व पशुधन आधारित है, जिससे लागत में कमी के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि व स्थिर पैदावार होगी तथा पर्यावरण व मृदा स्वास्थ्य सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय द्वारा भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (बीपीकेपी) की उप-योजना के माध्यम से किसानों को प्रेरित-प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ रहा है, जो अभी लगभग चार लाख हेक्टेयर क्षेत्र तक पहुंच चुका है।

केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि हमारी परंपराएं हैं, हमारे सिद्धांत है लेकिन युग के साथ चलना भी हमें आता है। हम लकीर के फकीर नहीं है। सभी को आगे बढ़ने की ललक है। समय के साथ हम अपने-आप को दुरुस्त करें, यह बात देश में आध्यात्मिक व व्यापारिक दृष्टि से स्थापित रही है, जो अब कृषि क्षेत्र में भी प्राकृतिक खेती को अपनाने के रूप में होना चाहिए। प्रकृति से संतुलन बैठाने वाली पद्धति के माध्यम से हम तेजी के साथ आगे बढ़ सकेंगे, जो समयानुकूल भी है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि कृषि क्षेत्र के माध्यम से रोजगार की उपलब्धता बढ़ें, पढ़े-लिखे युवाओं को गांवों में ही रोजगार मिलें। प्राकृतिक खेती के माध्यम से भूमि की सेहत तो ठीक होगी ही, नए रोजगार भी सृजित होंगे।

केंद्रीय मंत्री रूपाला ने कहा कि कोरोना के कारण लोगों के खान-पान में बदलाव आ रहा है और आर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है, जिसकी पूर्ति के लिए संज्ञान लिया जाना चाहिए। खेती के सामने कई चुनौतियां हैं, उन पर फोकस करते हुए किसानों को नई मांग के अनुरूप प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने आर्गेनिक रकबा बढ़ाने के लिए लागू किए गए लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन सिस्टम हेतु कृषि मंत्री तोमर को धन्यवाद दिया, जिसके तहत सदैव रसायनमुक्त रही भूमि को आर्गेनिक घोषित किया जाता है। रूपाला ने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से हमें अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला है। यह पद्धति भारत को विश्व में अग्रणी बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

गुजरात के राज्यपाल देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती में पौधे को पानी नहीं, बल्कि नमी

# समाज को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है तो आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा दें- ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा। प्रदेश के गृह जेल एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू आज बेमेतरा जिले के वि.ख. बेमेतरा के ग्राम बैजलपुर में परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं मंडई मेला समारोह में शामिल हुए। गृहमंत्री ग्राम बैजलपुर पहुंचकर सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा के प्रतिमा का पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिए और प्रदेश के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात वे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय बातचीत किए।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता छ.ग. पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा सुनीता हीरालाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला मंगत साहू शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्बोधन में जनपद सदस्य होमलाल साहू ने सभी ग्रामवासियों एवं साहू समाज की ओर से अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। उन्होने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, हमें और विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है कोविड गाईडलाइन का पालन करें। राजधानी रायपुर के कोरोना के नये मामले सामने आये है। दिल्ली में भी इसकी संख्या बढ़ रही जो कि चिन्ता का विषय है।

गृहमंत्री श्री साहू ने ग्रामवासियों से साहू समाज को आगे बढ़ाने को कहा। उन्होने कहा कि आदर्श विवाह की शुरुआत साहू समाज के द्वारा ही की गई थी। विवाह संस्कार में फिजुल खर्ची को रोकने के लिए आदर्श विवाह एक बेहतर माध्यम है। शासन द्वारा भी आदर्श विवाह योजना चलाया जा रहा है। वर्तमान समय में शादी ब्याह में आडंबर एवं दिखावा पर अंकुश लगना चाहिए। यदि समाज को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है तो आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा दें उन्हे अच्छे संस्कार प्रदान करें। गृहमंत्री ने समाज में व्याप्त कुरितियों को दूर करने का आव्हान किया। आज भी दशगात्र, छठ्ठी जैसे कार्यक्रमों में अपव्यय किया जा रह है इस पर रोक लगनी चाहिए। समाजिक सम्मेलन के जरिए समाज को विकास के रास्ते पर ले जाया जा सकता है।

विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के नाम से कोई भी धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम नहीं हुआ। कोरोना से मुक्ति मिलते ही बेमेतरा जिले सहित पूरे राज्य में माता कर्मा जयंती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि गृहमंत्री का बेमेतरा जिले से विशेष लगाव रहा है। उन्होने कहा कि भक्ति में ही शक्ति का सबसे बढ़ा उदाहरण है कि भगवान श्री कृष्ण उनके हाथों से खिचड़ी खाने के लिए माता कर्मा के पास स्वयं आये थे, आज भी जगन्नाथपुरी में प्रसाद के रुप में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाता है। विधायक ने कहा कि आज हमें माता कर्मा जयंती मनाने का अवसर मिला है। साहू समाज एक संगठित समाज है, जो सबके सहयोग एवं मेहनत से आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि आदर्श विवाह साहू समाज का देन है, यह एक अच्छी पहल है। आज प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में आदर्श विवाह करवा रहे है।

इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष बेमेतरा छोटे लाल साहू, उपाध्यक्ष एवं सरपंच बैजलपुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शत्रुहन साहू, रोहित साहू, झुमुकलाल साहू, दिपेश साहू, उप सरपंच बैजलपुर लीला राम साहू, धनंजय साहू, दिनबंधु साहू, बोधन राम साहू देवेन्द्र कुमार साहू, यादव राम साहू एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** वाणिज्यिक कर (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने डीएमएफ मद एवं जिला स्तर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री विनीत नन्दनवार ने उद्योग मंत्री श्री लखमा को जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया गया। बैठक में श्री लखमा ने जिले में विकास कार्यों के तहत निर्माणाधीन पुल-पुलिया, सड़क, स्कूल भवन, छात्रावास, आंगनबाड़ी भवन सहित अन्य भवनों के निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए। उन्होंने अप्रारम्भ कार्य को निरस्त कर पुनः टेण्डर कराने कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभाग प्रमुखों से वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली। साथ ही पूर्ण, अपूर्ण व मरम्मत के कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने कहा।



श्री लखमा ने जिले जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्र में चबूतरा निर्माण के कार्यों की जांच कर लंबित भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की स्थिति की जानकारी लिए। शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गुरवा, घुरूवा के कार्यों की समीक्षा की। नगरीय निकाय क्षेत्रों के साथ ही साथ ही ग्राम स्तर पर गौठान संचालन की गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व विक्रय तथा भुगतान की कार्यवाही का संज्ञान जिला पंचायत सीईओ से लिया। श्री लखमा ने नलजल योजना तथा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बिरसठपाल में जल जीवन मिशन के तहत सौर ऊर्जा संचालित पंप लगाने कहा।

राजस्व विभाग की समीक्षा में उन्होंने सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, जाति प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्यों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं सामुदायिक वनाधिकार पट्टा के अवेदनों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, उचित मूल्य की दुकान निर्माण, राशन भण्डारण एवं वितरण, राशन कार्ड निर्माण सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने स्कूल, आश्रम, छात्रावास का संचालन एवं बच्चों की उपस्थिति, ग्रीष्मकालीन अवकाश तथा पुनः शाला प्रारम्भ करने की जानकारी ली। साथ ही माध्यमिक शाला, हाईस्कूल में अध्ययनरत संवेदनशील क्षेत्र के बच्चों को आश्रम-छात्रावास में ही रूकने कहा।

# केन्द्रीय मंत्री पाण्डेय ने बांसशिल्प एवं सी-मार्ट का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** केन्द्रीय मंत्री डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने आज जिला मुख्यालय में संचालित बांस शिल्प और सी-मार्ट का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री पाण्डेय ने बांसशिल्पियों से आत्मीय बातचीत की और उनके द्वारा तैयार की जाने वाली सामग्री, विक्रय हेतु बाजार की उपलब्धता, बांस की उपलब्धता, प्राप्त होने वाली आमदनी, प्रशिक्षण की व्यवस्था आदि के बारे में पूछा। उन्होंने जिले में निर्मित होने वाली प्राचीन संस्कृति और कलाकृति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचायें और बांस शिल्पियों की बेहतरी एवं आय में वृद्धि करने हेतु प्रयास करें।




इस दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ पाण्डेय ने सी-मार्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री का अवलोकन किया और उसकी सराहना की। उन्होंने महिला समूह के सदस्यों से बातचीत भी की। इस मौके पर बस्तर सांसद दीपक बैज, सांसद अरूण साव, हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष एवं विधायक चंदन कश्यप, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष मती श्यामबती नेताम, उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# कुशल प्रबंधन और स्वच्छता से पाया जा सकता है मलेरिया पर काबू - डॉ. मीरा बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने कहाः ''कुशल प्रबंधन और स्वच्छता से ही मलेरिया पर काबू पाया जा सकता है। उपचार से पहले बचाव है, मलेरिया से बचने के लिए शरीर के अंगों को ढककर रखें।

पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, रात्रि विश्राम करते समय मच्छरदानी का शत-प्रतिशत उपयोग करें मच्छरों के पैदा होने वाले स्थानों पर सप्ताह में एक बार, जरूर वार करें। इसके अतिरिक्त कहीं भी पानी जमा ना होने दें। घर के छत पर अनावश्यक रूप से ऐसे सामान न रखें जिस में बारिश का पानी जमा हो। सप्ताह में एक दिन फ्रिज, कूलर, फूलदान का पानी हटा कर सुखा लें। खुद भी जागरूक बने और लोगों को भी जागरूक करें। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच भी कराना चाहिए। मलेरिया की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों और मितानीन एवं एएनएम कार्यकर्ताओं के पास निःशुल्क उपलब्ध है।''

वहीं इस मौके पर डॉ.विमल राय ने बताया: ''मलेरिया एक संचारी रोग है। यह संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मच्छर के द्वारा ही फैलता है। जिले में दो प्रकार के मलेरिया परजीवी पाये गए है। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम,और प्लास्मोडियम विवैक्स, जिसमें प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम अधिक घातक होता है। मलेरिया रोगियों की त्वरित जांच और उपचार के लिये मलेरिया जांच के लिए आरडी किट और एन्टी मलेरियल्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को निर्देश है। इसके अतिरिक्त मलेरिया सर्विलेंस का कार्य लक्ष्य के अनुसार करने के लिए भी निर्देशित किया गया। घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। पानी की निकासी संभव नहीं होने पर सप्ताह में एक बार जला हुआ इंजन ऑयल अथवा कैरोसीन की इतनी मात्रा डालें कि पानी के ऊपर एक परत बन जाए। परिवारों का कलस्टर बना कर चौपालों के माध्यम से घर-घर विजिट कर जन-जागरूकता लाए जाने के लिये कार्य किया जा रहे है।

कार्यशाला के अवसर पर मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, के जिला नोडल अधिकारी डॉ.विमल किशोर राय, एंटोमोलॉजिस्ट कुमार सिंह, जिला सलाहकार एनव्हीबीडीसीपी, समस्त जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी एवं शहरी क्षेत्र की एएनएम उपस्थित रहीं ।

### मलेरिया के लक्षण

ठंड और कंपकंपी के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐंठन, दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना प्रमुख लक्षण है। मच्छरों को पनपने ना दे। मलेरिया के मच्छर अधिकतर शाम या रात को काटते है। उन कपड़ों का उपयोग करे जो शरीर के अधिकांश हिस्से को ढक सके। आसपास बारिश का पानी, गंदे पानी को जमा ना होने दे। इसमें मलेरिया के जीवाणु पैदा होने का खतरा अधिक रहता है। नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए अनेक प्रकार की निशुल्क दवाइयां उपलब्ध है।

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी
चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फेंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### एसएसपी ने दो आरक्षकों को किया सस्पेंड: कोर्ट परिसर से लूट का फरार आरोपी भागने के मामले में की गई कार्रवाई

**दुर्ग।** कोर्ट परिसर से लूट के आरोपी के भागने के मामले में एसएसपी दुर्ग ने दो आरक्षकों को सस्पेंड किया है। निलंबन अवधि के दौरान आरक्षक भरत सिंह और चंद्रहास साहू लाइन में अटैच किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक 21 अप्रैल को आरक्षक आरक्षक भरत सिंह और चंद्रहास साहू लूट के आरोपी धनेश निषाद को पेशी में दुर्ग कोर्ट ले गए थे। इसी दौरान दोनों आरक्षक एक होटल में चाय पीने लगे थे। मौका देखकर आरोपी धनेश ने धीरे से हथकड़ी से अपना हाथ निकाला और वहां से फरार हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब वह नहीं मिला तो दुर्ग कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफधारा 224 के तहत केस दर्ज कराया गया था। इस मामले में एसएसपी बीएन मीणा जांच के आदेश दिए थे। जांच में लापरवाही सामने आने के बाद एसएसपी ने दोनों आरक्षकों को निलंबित करते हुए लाइन अचैट किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस के मुताबिक वैशाली नगर पुलिस ने लगभग चार माह पहले मोबाइल लूट के मामले में आरोपी धनेश निषाद को गिरफ्तार किया था। तब वह जेल में अनिरूद्ध था। जेल से पेशी के लिए कोर्ट ले जाने के दौरान वह फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### गांजा लेकर झारखंड जा रहा था तस्कर, गिरफ्तार

**रायगढ़ ( ए )।** जशपुर के सोनाजोरी से गांजा लेकर लैलूंगा और अंबिकापुर के रास्ते झारखंड के गढ़वा जा रहे गांजा तस्कर को धरमजयगढ़ पुलिस ने बस से गिरफ्तार किया। आरोपी से पुलिस तीन बैग में 1-1 किलो की 28 पैकेज यानि 28 किलो गांजा जब्त किया। जिले में अब तक सरिया, बरमकेला के रास्ते तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रैरूमाखुर्द में एसआई जेम्स कुजूर को गांजा तस्करी की सूचना मिली थी कि सोनाजोरी, लैलूंगा से पत्थलगांव, सीतापुर के रास्ते अंबिकापुर जाने वाली बस में एक युवक पिट्ठू बैग और तीन बैग लेकर बस में सवार हुआ है। इसके बाद एसपी अभिषेक मीना को सूचना दी गई। एसपी के निर्देश पर टीमों को जांच पर लगाया गया। सुबह लगभग 9 बजे जैसे ही बस बाकारूमा बॉर्डर पर पहुंची। पुलिस की टीम ने बस रुकवाई और जांच की। बताई गई पहचान के मुताबिक एक युवक से पूछताछ की गई। युवक राहुल कुमार सिन्हा ( 21) ने बताया कि वह रंका गढ़वा का रहने वाला है। वह राजधानी बस से अंबिकापुर तक और फिर दूसरी बस से गढ़वा जाने की तैयारी में था। उससे 28 किलो गांजा बरामद किया गया है। गांजे की कीमत लगभग 1.40 लाख बताई गई है । आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

लड्डू नहीं मिला तो मंडप छोड़ थाने पहुंचा दूल्हा

# मुंगेली में रस्मों के दौरान हुआ विवाद, पुलिस ने करवाई शादी

**मुंगेली (ए)।** मुंगेली में हो रही एक शादी के दौरान लड्डू को लेकर हंगामा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। दूल्हा भी नाराज हो गया और शादी की रस्में छोड़ मंडप से उठ गया। इसके बाद सभी बारातियों के साथ सिटी कोतवाली पहुंचा और वधु पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जाने लगी। इस पर पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया और फिर शादी के मंडप में लेकर पहुंचे। जहां पुलिस ने उनकी शादी कराई।



दरअसल, सारा मामला चारभाटा गांव का हैं। यहां रामभज साहू की बेटी कुंती की गुनीराम साहू के बेटे सूरज साहू से शादी थी। बारात अपने तय समय पर बेमेतरा के मुरता गांव से पहुंची। शादी की रस्में हो रही थीं, वहीं बाकी बारातियों को भोजन कराया जा रहा था। वधु पक्ष ने अपने सामर्थ्य के अनुसार सारा इंतजाम किया था। इसी बीच बारातियों ने खाने में लड्डू की डिमांड की। इस पर लड़की के घर वालों ने लड्डू नहीं होने की बात कहते हुए मना कर दिया।

इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ी की घरातियों और बारातियों के बीच हाथा-पाई की नौबत आ गई। मामला इतना ज्यादा बढ़ा कि दूल्हा शादी का मंडप छोड़कर उठ गया। उसने शादी से ही मना कर दिया और बारात वापस ले जाने की धमकी देने लगा। इसके बाद सभी बारातियों को लेकर सिटी कोतवाली पहुंच गया। वहां वधु पक्ष के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की जाने लगी।

### पुलिस ने कराई हैप्पी एंडिंग

इस पर थाना प्रभारी केसर पराग सहित थाने में मौजूद अन्य स्टाफ ने उन्हें समझाया। साथ ही कहा कि वे वधु पक्ष से भी बात करेंगे। जरा सी बात के लिए ऐसे शादी तोड़ने से दोनों की बदनामी है। इसके बाद दूल्हे सहित सभी बारातियों को लेकर पुलिस गांव लौटी। वहां घरातियों को भी समझाया गया। फिर पुलिस की मौजूदगी में लड़का और लड़की की शादी कराई गई। पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें आशीर्वाद देकर इस कहानी की हैप्पी एंडिंग कराई।

## गुमटी व्यवसायियों की विशेष अनुमति याचिका को निर्देश के साथ सुप्रीम कोर्ट ने किया निराकृत

**बिलासपुर ( ए )।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से बेदखल किये गये गुमटी व्यवसायियों के मामले में नगर निगम बिलासपुर एवं राज्य शासन ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब पेश कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को नियमानुसार चौपाटी में व्यवसाय करने समुचित स्थान देने के निर्देश शासन को दिए हैं। इसके साथ ही विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने निराकृत कर दिया है।

शहर के ह्रदय स्थल सिटी कोतवाली चौक के निकट तकरीबन 40 वर्ष पूर्व स्टेपअप योजना के अंतर्गत इन व्यवसायियों को गुमटियां प्रदान कर व व्यवसाय करने की अनुमति दी गई थी। इसके बाद उन्हें पूर्व स्थापित किए बिना बलपूर्वक नगर निगम बिलासपुर द्वारा विस्थापित कर दिया गया था।

निगम की कार्रवाई को चुनौती देते हुए गुमटी व्यवसायियों ने वकील कौस्तुभ शुक्ला के जरिए सुप्रीम कोर्ट में विशेष हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। बीते 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। शासन व निगम के जवाब के बाद डिवीजन बेंच ने कहा कि चौपाटी में जहां पर याचिकाकर्ताओं को पुनर्स्थापित करने की योजना है वहां इन्हें ऐसा



स्थान दिया जाए जहां सालभर अपना व्यवसाय नियमित रूप से कर सकें। जल्द से जल्द इसकी व्यवस्था करने का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने प्रभावित होने वाले गुमटी संचालकों की सूची तैयार कर ली है। इन्हें शनिचरी रपटा में स्थान दिया जाएगा। इसके लिए शनिचरी को तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक माह के भीतर इन्हें व्यवस्थापन करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि अभी इसमें वक्त लग सकता है। दरअसल नगर निगम की ओर से स्मार्ट गुमटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने के बाद इसका वितरण गुमटी संचालकों को किया जाएगा।

## जेब में पिस्टल लेकर घूमते मिला युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** उरला पुलिस ने पिस्टल लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से दो जिंदा कारतूस भी मिला है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। उरला पुलिस ने बताया कि आरोपित वरुण कुमार मंडल उर्फ मामा रिंग रोड़ नंबर-दो लक्ष्मी धर्मकांटा, गुढ़ियारी के पास रहता है।

मूलत: बिहार के जमुई जिले का निवासी वरुण यहां उरला के किसी संयंत्र में काम करता है। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पिस्टल लेकर घूम रहा है। उद्योग क्षेत्र में पिस्टल लेकर घूमने की सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ा। वरुण से पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि इस पिस्टल को उसने बिहार से लाना बताया है।

हालांकि इसको यहां लेकर आने का उद्देश्य पुलिस स्पष्ट नहीं कर पाई। पुलिस के अनुसार, आरोपित का यहां किसी तरह का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। बिहार पुलिस से जानकारी मंगाई जा रही है।

## फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर दो युवकों से 15 लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर ( ए )।** आईटीआई में सहायक ग्रेड 3 की नौकरी लगाने का झांसा देकर दो युवकों से 15 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने दोनों युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर मेडिकल समेत अन्य प्रक्रिया भी कराई गई। ज्वाइनिंग के लिए जाने पर पता चला कि नियुक्ति पत्र ही फर्जी है। इसकी शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

तखतपुर थाना क्षेत्र के ढनढन में रहने वाले जगमोहन कौशिक (33) किसान हैं। 2019 में उनके परिचित मंशाराम पाटले और दीपक पांडेय ने बताया कि आइटीआइ तमनार में पदस्थ नीरज लाल और कुलदीप सिंह ठाकुर रुपये लेकर आईटीआई में नौकरी लगवाते हैं। दोनों ने जिला पंचायत के सामने जगमोहन का परिचय नीरज और कुलदीप से कराया। उन्होंने आईटीआई में सहायक ग्रेड 3 में नौकरी लगवाने के लिए जगमोहन से पांच लाख रुपये मांगे। 20 दिसंबर को नीरज और कुलदीप ने जगमोहन को नियुक्ति पत्र देकर जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। इसके बाद एक लाख रुपये का चेक ले लिया। बाद में ट्रेनिंग लेटर देकर एक लाख रुपये और ले लिए। दस्तावेज प्रमाणीकरण और अन्य प्रक्रिया के लिए अलग-अलग रुपये लिए गए। इस तरह जगमोहन ने कुल पांच लाख रुपये ले लिए। बाद में जब वे ज्वानिंग के लिए पहुंचे तो पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। इसी तरह उन्होंने अमित तिवारी से भी नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। जगमोहन की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## शादी में आए दामाद ने सास पर ब्लेड से किया हमला

**बिलासपुर ( ए )।** ससुराल में हो रही शादी में शामिल होने आए दामाद ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने पर उसने अपनी सास पर ब्लेड से वार कर घायल कर दिया। इसकी जानकारी डायल 112 को देने पर आरोपित दामाद ससुराल से भाग निकला। घटना की शिकायत पर मस्तूरी पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मस्तूरी क्षेत्र के जयरामनगर में रहने वाली महेतिन यादव गृहणी हैं। उनके जेठ के घर में शादी का कार्यक्रम था। इसमें महेतिन की बेटी गायत्री और दामाद गोवर्धन को भी निमंत्रण दिया गया था। वे दोनों शनिवार को दोनों बरात में गए। वहां से आने के बाद दामाद गोवर्धन शराब पीकर अपनी पत्नी और सास से गाली-गलौज किया। इसके बाद रविवार की दोपहर वह शराब के नशे में अपनी पत्नी गायत्री से मारपीट कर रहा था। इस पर महेतिन ने बीच-बचाव किया। इससे नाराज होकर गोवर्धन ने अपनी सास पर ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में महिला के गले और हाथ में चोटें आईं।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

// शुद्धिपत्र क्र.-01 //

इस कार्यालय की निम्नलिखित ऑनलाईन निविदाओं के समय सारणी में संशोधन किया जाता है, जो कि निम्नानुसार है:-

| क्र. | नि.सू.क्र./दि. | सिस्टम क्र. | ग्राम का नाम | बेवपोर्टल में ऑनलाईन देखे जाने की तिथि | बिड सबमिशन की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/04.04.2022 | 96635 | कुथरेल | 28.04.2022 को 10.30 बजे से | 09.05.2022 को 17.30 बजे तक |
| 2 | 02/04.04.2022 | 96636 | रवेलीडीह, समोदा | | |
| 3 | 03/04.04.2022 | 96637 | अंजोरा (ख), भोथली, थनौद | | |
| 4 | 04/04.04.2022 | 96638 | धनोरा | | |
| 5 | 05/04.04.2022 | 96639 | चिखली, खेदामारा, ननकट्ठी | | |
| 6 | 06/04.04.2022 | 96640 | कोड़िया, मेड़ेसरा, पथरिया (मेड़े), अहेरी | | |
| 7 | 07/04.04.2022 | 96641 | देवरी, पेण्ड्रावन, बरहापुर, ठेलका | | |
| 8 | 08/04.04.2022 | 96642 | पथरिया (डोमा), लिटिया, चीचा, हिर्री, नवागांव (पुरदा), दनिया | | |
| 9 | 09/04.04.2022 | 96643 | सिपकोना, खम्हरिया (डी), केसरा | | |
| 10 | 10/04.04.2022 | 96644 | दरबारमोखली | | |

टीप:- निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत यथावत रहेगी।

जी-90520/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दुर्ग ( छ.ग. )


## सोलर पैनल सप्लाई करने का झांसा देकर एक कारोबारी से ठगों ने 70 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर ( ए )।** सोलर पैनल सप्लाई करने का झांसा देकर राजधानी के एक कारोबारी से ठगों ने 70 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। शैलेंद्र नगर में रहने वाले जयंत जैन शंखेश्वर एनर्जी के नाम से सोलर पैनल लगाने का कारोबार करते हैं।




व्यापार के ही सिलसिले में उनकी मुलाकात बिलासपुर में रहने वाले निशांत मसीह से हुई। दोनों के बीच 2021 में ट्रिना कंपनी के 676 केवी सोलर मॉड्यूल खरीदने का सौदा करीब 1 करोड़ 57 लाख 52 हजार रुपए में हुआ। जयंत ने पहले 2 लाख दिए उसके बाद माल सप्लाई के लिए दो बार में तो 70 लाख का पेमेंट कर दिया। आधी से ज्यादा रकम लेने के बाद भी निशांत ने माल की सप्लाई नहीं की। जयंत ने उससे संपर्क किया तो निशांत ने नागपुर के अक्षय आर ठाकरे सुजाता की कंपनी को राशि भुगतान करने और माल जल्द सप्लाई करने का भरोसा दिलाया लेकिन सामान रायपुर नहीं पहुंचा। कुछ दिन बाद जयंत अपने एक साथी के साथ निशांत को लेकर नागपुर गया। वहां सुजाता, उसके पति निशांत और अक्षय से माल जल्दी सप्लाई करने कहा। जयंत को भरोसा दिलाने के लिए उनलोगों ने 70 लाख का चेक भी दिया। जयंत वापस आ गया। कुछ दिनों बाद उनसे संपर्क किया तो आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। चेक भी बैंक से बाउंस हो गया। तब उन्होंने कोतवाली थाने में सुजाता, निशांत और अक्षय के खिलाफधोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 18.04.2022

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 09.05.2022 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 03/97588 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत कोदवा-साजा-सिल्हाटी एवं अन्य 3 मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। | 49.97 |
| 04/97589 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बोड़ला के अंतर्गत सरोध-भोरमदेव मार्ग, कवर्धा रेंगाखार व्हाया मादाघाट मार्ग में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। | 50.00 |
| 05/97591 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न 11 मार्गो में मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। | 49.95 |
| 06/97593 | जिला राजनांदगांव के भरेंगांव से झोला पहुंच मार्ग का निर्माण लंबाई 2.00 कि.मी. का कार्य | 196.17 |

टीप
1. एन.आई.टी.क्रं 03 से 05 लोक निर्माण विभाग, कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है एवं एन. आई.टी.क्रं 06 लोक निर्माण विभाग, राजनांदगांव संभाग से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-90529/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर निरीक्षण के दौरान ग्राहकों से की चर्चा, लोगों ने जताया विश्वास

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य अभियंता यांत्रिकी,प्रकोष्ट संचालनालय के भागीरथ वर्मा के द्वारा श्री धन्वन्तरि जेनरिक मेडिकल स्टोर नल घर काम्प्लेक्स एवं रायपुर नाका स्थित दोनों दुकानों का निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ता जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता यांत्रिकी भगीरथ वर्मा ने मेडिकल संचालक से दवाइयों के बिक्री से संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के मौके पर मेडिकल स्टोर में दवाई खरीदने पहुंचे ग्राहकों ने चर्चा में बताया कि मेडिकल में सस्ती और उच्च क्वालिटी की दवाइयां मिलने से हमारा विश्वास बढ़ा है और दवा की जरूरत होने पर हम सभी जरूरत मंद श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर की ओर रुख कर रहे हैं। मेडिकल स्टोर पहुचे ग्राहकों ने श्री वर्मा के निरीक्षण के दौरान चर्चा में बताया कि अच्छा हुआ जो धनवंतरी मेडिकल स्टोर दुर्ग शहर में खुल गया है नजदीकी स्थलों में श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खुलने से सस्ती दवाई खरीदने की राह और आसान हो गई है। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध हो रही है और यह सब संभव हुआ है श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के क्रियान्वयन से।

### इफ्तार में जुटे रोजेदार, की गई दुआएं

**भिलाई।** माहे रमजान में रोजेदारों के लिए इफ्तार का सिलसिला जारी है। करबला मैदान साक्षरता चौक के सामने 21 रमजान हजरत मौला अली की शहादत को याद करते हुए रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। करबला कमेटी की जानिब से हुए इस प्रोग्राम में बड़ी तादाद में रोजेदारों ने भागीदारी। इस दौरान नमाज से पहले हजरत अली की शख्सियत पर बयान हुआ और नमाज में मुल्क में अमन व सलाश्रीमती की दुआएं की गई। इस आयोजन को सफ ल बनाने में डॉक्टर अंसारी, मुंसिफ अली, गुलाम नबी, गुलाम सिद्दीकी, बरकत अली, चांद खान, मोहम्मद नईम, इमरान खान, इरफान खान ,राजा अली, आफ्ताब अली और गुड्डू सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। इसी तरह रमज़ान शरीफ़ के पुरबहार मौके पर ख़ानक़ाह भोलाइया शरीफ़ भिलाई, में रोजा- इफ्तार का प्रोग्राम 24 अप्रेल इतवार को रखा गया।

### पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ, कहा-

# जामुल क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**सुरडुंग में एक डोम और सुलभ शौचालय की घोषणा**

**वी वाय कैबिन में एक सामुदायिक भवन और मंच निर्माण की घोषणा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग।जामुल क्षेत्र के विकास कार्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और अधोसंरचना क्षेत्र में बड़े कार्य जामुल में कराए जा रहे हैं। चाहे जामुल से नंदिनी सड़क की बात हो या जामुल में पेयजल सुविधा की बात हो। नागरिकों की जरूरतों के मुताबिक बड़े अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन इन तीन सालों में हुआ है।



इस अवधि में हुए कार्यों से जामुल क्षेत्र में विकास के ठोस नींव तैयार हुई है। यह बातें जामुल के सुरडुंग में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में पीएचई मंत्री श्री गुरु रूद्र कुमार ने कही। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जामुल, कुम्हारी तथा भिलाई 3 को मिलाकर नए अनुविभाग का गठन किया गया है। भिलाई 3 का तहसील के रूप में गठन किया गया है और कल ही यहां पर तहसील के नए भवन का भी उद्घाटन किया गया है। सरकार जामुल क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि मैं लगातार लोगों से मिल रहा हूं, उनसे फीडबैक ले रहा हूं और जहां भी विकास कार्यों की जरूरत है। वहां पर ऐसे कार्य कराए जा रहे हैं इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जामुल क्षेत्र के नागरिकों की जागरूकता और सरोकारों की वजह से भी यहां पर नागरिक विकास के बेहतर कार्य हो सके हैं।

कोरोना काल में जिस तरह से आप लोगों ने एकजुटता दिखाकर कोरोना की लड़ाई में प्रशासनिक अमले की मदद की, वह बहुत सराहनीय है। इस मौके पर पीएचई मंत्री ने चर्चा में कहा कि शासन द्वारा शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से पट्टा वितरण की जो कार्रवाई की है। उससे लोगों को भूमि संबंधी अधिकार मिले हैं। इससे भूमि के लेनदेन में बैंक ऋण आदि में भी उन्हें आसानी हुई है। शहरी क्षेत्र में लोगों के मनोरंजन का भी पूरा ध्यान रखा गया है। जामुल क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना का पूरी तरह से विकास हो जाने के पश्चात यहां के लोगों की परेशानी पूरी तरह से दूर हो जाएगी।

मंत्री ने इस मौके पर कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। गर्मियों को देखते हुए विभाग को विशेष रुप से निर्देशित किया गया है कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की कमी ना हो, इस बात की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहें। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामोद्योगों को भी विकसित करने के लिए सरकार संकल्पित है।

जिले में स्व सहायता समूह के प्रशिक्षण के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए गए हैं जिसका लाभ भी हुआ है और प्रशिक्षण प्राप्त करने से स्व सहायता समूह की आय भी बढ़ी है और अपने उत्पादों को ब्रांड के रूप में भी विकसित करने में भी सफल हुई है। इस मौके पर मंत्री ने कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा का योगदान छत्तीसगढ़ की धरती में बहुत महत्वपूर्ण है। शासन द्वारा कर्मा जयंती के मौके पर अवकाश आरंभ किए जाने से लोगों में काफी हर्ष है और वह पूरे उत्साह से इसका आयोजन कर रहे हैं। सुरडुंग में एक डोम और सुलभ शौचालय घोषणा की साथ ही मंत्री ने वी वाय कैबिन में एक सामुदायिक भवन और मंच निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## मदर टेरेसा ने अपने सेवाकार्यों से करोड़ों दिलों को जीता - डॉ. आर्चबिशप हेनरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारत रत्न संत मदर टेरेसा की जीवनी पर आधारित अनोखे लाइट साउंड एंड लेजर शो का आयोजन रविवार 24 अप्रैल की शाम नारायण गुरु धर्म समाजम (एसएनजीडीएस) स्कूल सेक्टर-4 के सभागार में किया गया। इस अवसर पर खचाखच भरे हॉल में सुप्रियो सेन के निर्देशन में प्रस्तुत इस शो को उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के साथ दर्शकों ने भी भरपूर सराहा।

मुख्य अतिथि रायपुर से आए आर्चबिशप डॉ हेनरी ठाकुर ने अपने संबोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संत मदर टेरेसा के अभिषेक समारोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन नई दिल्ली में दिए उद्बोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि सिकंदर यहां आक्रमण कर विजय प्राप्त करने आया था लेकिन वह सफल नहीं हुआ वहीं मदर टेरेसा लोगों के दिलों को जीतने के लिए भारत आई थीं और उन्होंने न सिर्फ भारतवासी बल्कि दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों पर राज किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ वेयरहाउस कॉरपोरेशन के चेयरमैन व दुर्ग विधायक अरुण वोरा ने कहा कि मदर टेरेसा सच्चे अर्थों में मानवता की प्रतिमूर्ति थी उन्होंने विशेष रुप से उल्लेख करते हुए कहा कि मदर टेरेसा 19 मार्च 1981 को दो दिवसीय प्रवास पर भिलाई पहुंची थी और हम समस्त छत्तीसगढ़ वासियों के बीच मानवता का संदेश दिया था यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यह शो हर स्कूल में मंचित होना चाहिए जिससे बच्चे मदर टेरेसा के सेवा कार्य से परिचित हो सकें। भिलाई स्टील प्लांट के ईडी पीएंडए केके सिंह ने कहा कि मदर टेरेसा ने जीवन भर समूची मानवता के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व त्याग किया मदर का जीवन समूची मानवता को युगों युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2019-20 एवं 2021-22 में खेल के क्षेत्र में राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का भिलाई निवास के बहुउद्देश्यीय सभागार में दिनांक 23 अप्रेल, 2022 को आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्यालयों के 145 विद्यार्थियों एवं खेल के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले 15 वर्तमान एवं पूर्व खेल के समन्वयक तथा खेल प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा तथा विशिष्ट अतिथि के



रुप में मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं), श्री यू के झा, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) श्री के सी त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के करकमलों दीप प्रज्वलन से हुआ। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित खेल गतिविधियों एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों का संक्षिप्त लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अशोक कुमार पंडा ने अपने उद्बोधन में भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों में प्राप्त उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन विद्यार्थियों को बधाई दी। श्री पंडा जी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि खेल से ही विद्यार्थी अनुशासन, एकाग्रता एवं कर्तव्यनिष्ठा सीखते हैं जो उनके जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है तथा आपसी सद्भाव एवं टीम भावना बनाने में मदद मिलती है। आज भारत खेल जगत में अन्य देशों की तरह विश्व क्षितिज पर अपना परचम लहरा रहा है।

ओलंपिक एवं विश्व स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में पिछले कई वर्षों से भारत का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है और भविष्य में आप ही के बीच की कई खिलाड़ी ऊपर उठकर हमारे देश का नाम ऊंचा करेंगे। अतः अपने-अपने क्षेत्र में सतत कठिन अभ्यास करते रहें आप सबको मेरी ओर से शुभकामनाएं हैं।

## जरुरतमंदों के इलाज के लिए निरन्तर एलर्ट मोबाइल मेडिकल यूनिट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम ।राज्य शासन की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना के तहत दुर्ग शहर में हर वार्ड हर मोहल्लों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिसके तहत वार्ड 37 आजाद वार्ड मैं मोबाइल मेडिकल यूनिट लगाई गई थी जिसमें लोगों का उपचार किया जा रहा था तभी एक आर्थिक रूप से कमजोर हितग्राही मरीज जिसका नाम राम सिंह उम्र 72 वर्ष अति बुजुर्ग थे एवं गंभीर अवस्था में मेडिकल यूनिट में उपचार हेतु उपस्थित हुए उनके स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर होने पर मेडिकल यूनिट के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा उन्हें मेडिकल यूनिट में ही आरएल एमवीआई बोतल चढ़ाया गया जिससे मरीज की



स्थिति में तत्काल राहत मिली एव उसके स्वास्थ्य में सुधार हुआ पहली बार मेडिकल यूनिट में इस तरह की सुविधा प्रदान की गई है एवं भविष्य में भी ऐसी स्थिति आने पर तत्काल सुविधा नगर निगम द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा प्रदान की जाएगी। इसी कड़ी में शहर व स्लम क्षेत्रों को घर के पास समीप स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इस उद्देश्य मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन जो कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन में ब्लड, यूरिन सहित विभिन्न प्रकार की जांच से लेकर गुलूकोस बोटल चढ़ाने की सुविधाएं है।

इस प्रकार अब शहर व स्लम क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को इलाज या जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे है, लोगो को बेहतर सुविधा मिल रही है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में लगातार वार्ड वार शिविर में जांच से लेकर मरीज को दवाइयां तक दी जा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में चालक के साथ चिकित्सक, लैब तकनीशियन व फार्मासिस्ट रहेंगे। कोई व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे।

### महापौर व आयुक्त ने नहरों की सफाई कर जल्द तालाबों के भराव के लिए दिए थे निर्देश

# निस्तारी के लिए भरे जा रहे निगम क्षेत्र के तालाब, जलस्तर भी होगा ऊंचा

**आयुक्त ने तलाबो के जलभराव का लिया जायजा**

**क्षेत्रवासियों से जल की एक-एक बूंद को सहेजने की गई अपील**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम प्रशासन गर्मी में गिरते हुए जलस्तर को बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। क्षेत्रवासियों के निस्तारी के लिए निगम क्षेत्र के तालाबों का भराव किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी निस्तारी तालाबों का भराव कर जलस्तर को बढ़ाने के निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज जोन एक अंतर्गत विभिन्न तालाबो का निरीक्षण कर वहां जल स्तर का जायजा लिया। उन्होंने जोन



अधिकारियों व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों में जलभराव से पहले नहर की सफाई करवाए व उनके माध्यम से जल्द तालाब का भराव कराए, ताकि वहां निस्तारी की समस्या न आए।

खमरिया शीतला तालाब में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वहां के निवासियों से चर्चा की, कुछ व्यक्ति तलाब में नहाने के लिए पहुंचे थे, उनमें से एक ने बताया कि पहले वाटर लेवल शीतला तालाब का बहुत डाउन हो गया था, निस्तारी में समस्या आ रही थी, लेकिन जलभराव के बाद पानी का लेवल फिर से बढ़ गया है और पहले जैसा हो गया है आसानी से निस्तारी हो रही है। उन्होंने इसके लिए महापौर को धन्यवाद भी दिया। तालाब में पानी भरने के लिए नहर से आने वाले रास्ते को भी क्लीयर किया गया है। शहर के कई तालाबों में पानी भरे जा चुके हैं। कुछ तालाबों में पानी भरने की प्रक्रिया जारी है।

जोन दो क्षेत्रांतर्गत गुरू घासीदास नगर के तालाब की सफाई कर पानी भरा जा रहा है। वहीं कुरूद स्थित नकटा व ढौर तालाब की सफाई जारी है, जल्द उसे भी भरा जाएगा। जोन तीन क्षेत्र के श्याम नगर-शारदापारा तालाब व कैनाल रोड नहर की सफाई चल रही है। जल्द ही इसे भी भरा जाएगा। बैकुंठ धाम सूर्यकुंड तालाब भी अन्य माध्यमों से भरा जा रहा है। वहीं जोन 4 अंतर्गत लक्ष्मण नगर सूर्यकुंड तालाब को नहर से भरा जा चुका है। शेष निस्तारी तालाबों को भरने नहर की सफाई कर अवरूद्ध वाली जगहों से झिल्ली, पन्नी व कचरों को हटाया जा रहा है। आयुक्त ने जलभराव के बाद जल शुद्धिकरण के लिए भी व्यवस्था बनाए रखने कहा। उन्होंने तालाबों, डबरी व अन्य जलाशयों को जल्द तांदुला जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़े गए पानी से भरने के निर्देश दिए हैं।

महापौर नीरज पाल व आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जल के एक-एक बूंद को सहेज कर रखें। पानी की बर्बादी न करे। पानी का सदुपयोग करें। आम जनता को पानी को सहेजने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रेरित करने कहा गया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950